नई दिल्ली

बुधवार, 12 मार्च 2025

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 332

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 16

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## भारत के प्रयासों के बाद म्यांमार से भारत लाए गए 283 भारतीय नागरिक



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

फर्जी नौकरी के जाल में उलझकर कई दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में फंसे हुए भारतीयों को निकालने के लिए केंद्र सरकार युद्धस्तर पर प्रयासरत है। इसी कवायद का ही नतीजा है कि बीते 10 मार्च को म्यांमार से कुल 283 भारतीय नागरिकों को छुड़ाकर उनकी सुरक्षित स्वदेश वापसी कराई गई है। जिसमें म्यांमार और थाईलैंड में मौजूद भारतीय दूतावास की अहम भूमिका है।

दोनों ने स्थानीय अथॉरिटी से संपर्क साधा और वायुसेना के विमान के जरिए थाईलैंड के मै सोट से इन्हें भारत वापस लाया गया। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी किए गए एक बयान में बताया कि यह लोग म्यांमार और थाईलैंड की सीमा के करीब स्थित नौकरी का झांसा देने वाले केंद्रों के जाल में फंस गए थे। भारत सरकार इस तरह के फर्जीवाड़े से बचाने के लिए समय-समय पर परामर्श जारी करती है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए भी लोगों को सावधान रहने की अपील की जाती है। इसके अलावा ⏩शेष पेज 5 पर

ये पार्क मध्यप्रदेश, तमिलनाडु तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र गुजरात और उत्तर प्रदेश में बनेंगे

# केंद्र सरकार ने गुजरात सहित 7 राज्यों में पीएम मित्र मेगा टैक्सटाइल पार्क स्थापित करने की दी मंजूरी

**4,445** करोड़ रुपए की लागत के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर बनेंगे ये पार्क

3 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने की है उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अच्छी खबर

केंद्र सरकार ने 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपए की लागत के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर सात पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी गई। इसकी घोषणा करते हुए मार्च 2023 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था ⏩शेष पेज 5 पर

### इन स्थानों को अंतिम रूप दिया गया



सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 7 स्थानों को अंतिम रूप दिया है, जिनमें तमिलनाडु (विरुधुनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुरगी), मध्यप्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) शामिल हैं।

### मेगा टैक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र को देंगे बढ़ावा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पीएम मित्र मेगा टैक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेंगे, करोड़ों का निवेश आकर्षित करेंगे और लाखों नौकरियों का सृजन करेंगे। यह 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' का एक बेहतरीन उदाहरण होगा।









भारतीयों ने लगाए मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे

# मॉरीशस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोजपुरी अंदाज में हुआ 'ग्रैंड वेलकम'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

11 से 12 मार्च तक की अपनी पूर्व निर्धारित यात्रा के तहत मंगलवार सुबह मॉरीशस पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं के पारंपरिक म्यूजिक ग्रुप 'गीत गवई' ने भोजपुरिया 'माटी के गीत' से बेहद अनोखे अंदाज में जोरदार स्वागत किया।

पीएम ने भी इस अभिनंदन को भोजपुरी में ही स्वीकार किया। एक्स पर भोजपुरी भाषा में की गई पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'मॉरीशस में यादगार स्वागत भइल। सबसे खास रइल गाहिरा सांस्कृतिक जुड़ाव, जवन गीत गवई के प्रदर्शन में देखे के मिलल। ई सराहनीय बा कि महान भोजपुरी भाषा मॉरीशस के संस्कृति में आजुओ फलत-फूलत बा और मॉरीशस के संस्कृति में अबहियो जीवंत बा'। हवाईअड्डे पर प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम मोदी का माला पहनाकर वेलकम किया। इस दौरान उनकी कैबिनेट के करीब दो दर्जन से अधिक मंत्रियों के अलावा कई अन्य विशिष्ट जन भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने सैन्य गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके ⏩शेष पेज 5 पर

### बुधवार को पोर्ट लुइस में आयोजित किए जाने वाले मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे प्रधानमंत्री मोदी

राष्ट्रपति धर्मबीर गोखल के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक, विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा

मॉरीशस के पीएम ने की प्रधानमंत्री मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा



### आज राष्ट्रीय दिवस समारोह में करेंगे शिरकत

*प्रधानमंत्री आज, 12 मार्च को राजधानी पोर्ट लुइस में आयोजित किए जाने वाले मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके लिए उन्हें मॉरीशस के राष्ट्रपति ने विशेष रूप से आमंत्रित किया है। समारोह में भारतीय सेनाओं का एक दस्ता, नौसेना का इंफाल युद्धपोत और वायुसेना की आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम भी हिस्सा लेगी। इस आयोजन से इतर भारत और मॉरीशस के प्रधानमंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर व्यापक आधार पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा दोनों शीर्ष नेता भारत की वित्तीय मदद से मॉरीशस में तैयार की गई कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे।*

### राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को दिए कई उपहार

अपनी मुलाकात में पीएम मोदी ने राष्ट्रपति गोखल और उनकी पत्नी को पीतल और तांबे के बर्तन में हालिया संपन्न हुए महाकुंभ का पवित्र संगम का जल, बनारस की साड़ी और बिहार का मखाना जैसे कई उपहार भेंट किए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के दो अग्रणी नेताओं शिवसागर रामगुलाम और अनिरुद्ध जगन्नाथ को ऐतिहासिक सर शिवसागर रामगुलाम बोटेनिकल गार्डन में उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उसके बाद भारत सरकार के बहुप्रचलित अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत गार्डन में बेल का एक पौधा भी लगाया। इस दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम पीएम मोदी के साथ मौजूद थे। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में मॉरीशस के स्टेट हाउस में आयुर्वेदिक गार्डन बनाने की सराहना की। उन्होंने मॉरीशस में बढ़ती आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर भी खुशी जताई।

'बालेशों' के खिलाफ अलका ने उछाले सवाल

# कांग्रेस का पीएम मोदी से सीधा सवाल, मॉरीशस के बाद मणिपुर कब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉरीशस यात्रा को लेकर मंगलवार को उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके पास बार-बार विदेश यात्रा का समय है, जबकि मणिपुर के लोग अब भी उनकी यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री का लगभग दो साल से मणिपुर का दौरा नहीं करना वास्तव में राज्य के लोगों का अपमान है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ''प्रधानमंत्री अभी मॉरीशस के लिए रवाना हुए हैं। लेकिन मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।''

उन्होंने कहा कि मणिपुर के लोग प्रधानमंत्री की यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री का मणिपुर नहीं जाना राज्य के लोगों का अपमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे। इस दौरान वह देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे। मोदी की यह यात्रा मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान दोनों देश दक्षता विकास, व्यापार और सीमा पार वित्तीय अपराधों से निपटने के क्षेत्रों में सहयोग के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे।

उधर, कांग्रेस पार्टी की तेजतर्रार प्रवक्ता अलका लांबा ने आस्ट्रेलिया में रहने वाले बलात्कार आरोपी बालेश धनखड के साथ प्रधानमंत्री के फोटो का मामला उठाया। बालेश को स्थानीय कोर्ट ने बलात्कार संबंधित आरोपों की सुनवाई करते हुए 40 साल की सजा सुनाई है। अल्का लांबा ने फोटो के आधार पर बालेश धनखड जैसे अपराधी मानसिकता वाले लोगों के साथ भाजपा के सर्वोच्च नेताओं के साथ तस्वीरों पर सवाल उठाते हुए सफाई मांगी। उससे पहले अलका लांबा ने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें संसद के समीप विजय चौक पर मीडिया से बात करने पर मना किया गया। उन्हें घंटों रोका गया। कहा गया कि विजय चौक से सिर्फ सांसद बात कर सकते हैं मीडिया के साथ। ⏩शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### नतीजों के बाद निसान के सीईओ का इस्तीफा



**नई दिल्ली।** जापानी कार निर्माता निसान मोटर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) माकोटो उचिदा ने अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। यह कदम कंपनी के खराब वित्तीय नतीजों के बाद उठाया गया है। निसान ने मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि इवान एस्पिनोसा, जो फिलहाल कंपनी के चीफ प्लानिंग ऑफिसर हैं, अब उचिदा की जगह नए सीईओ का पद संभालेंगे। हालांकि अभी निदेशक पद पर बने रहेंगे।

### गवर्नर के हस्ताक्षर वाले आएंगे नए नोट



**नई दिल्ली।** 100 और 200 रुपए के नए नोट जारी किए जाएंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि वह जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपए के बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों का डिजाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 के नोटों के समान होगा।

विपक्ष के सवालों के बीच केंद्र का जवाब

## यूएस के साथ ट्रेड टैरिफ को लेकर समझौता नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे पर कि भारत अपने टैरिफ में कटौती करने पर सहमत हो गया है, इसे लेकर भारत की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा था।

अब वित्त सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया है कि इस मामले में अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है और दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। बर्थवाल ने विदेश मामलों की संसद की स्थाई समिति को इस बात की सूचना दी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति में शामिल सदस्यों ने ट्रंप के इस दावे पर सवाल पूछा कि क्या भारत टैरिफ कम करने पर सहमत हो गया है। इस सवाल के जवाब में ही बर्थवाल ने भारत ⏩शेष पेज 5 पर

## तमिलनाडु के बाद पीएम श्री योजना को लेकर केंद्र के निशाने पर पश्चिम-बंगाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के क्रियान्वयन को लेकर तमिलनाडु के बाद अब पश्चिम-बंगाल केंद्र के निशाने पर आ गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के दोनों राज्य मंत्रियों ने मामले पर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा संभाला। एक तरफ शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने लोकसभा में एक अतारांकित प्रश्न के जवाब में कहा कि पश्चिम बंगाल ने अभी तक पीएम श्री स्कूल योजना को लेकर केंद्र के साथ किसी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। जबकि इस बाबत केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की तरफ से ⏩शेष पेज 5 पर

सैलजा ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र, नहरों की सफाई की मांग

## पानी की किल्लत से पहले सांसद ने किया आग्रह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता और सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल को पत्र लिख कर भाखड़ा नहर की साफ-सफाई करवा कर पर्याप्त जलापूर्ति करवाने की मांग की है। उन्होंने पाटिल को पत्र के माध्यम से बताया है कि भाखड़ा नहर जो पंजाब व हरियाणा से गुजरती है उसकी सफाई लंबे अरसे से नहीं हुई है जिस कारण भाखड़ा नहर में पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस नहर से सिरसा संसदीय क्षेत्र में भी शाखाएं निकलती है। जिनमें पानी की कमी रहती है। सैलजा ने पत्र में लिखा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिरसा के भाखड़ा नहर से निकलने वाली ⏩शेष पेज 5 पर






# दुनिया का सबसे अधिक हथियार खरीदने वाला देश बना यूक्रेन

जाने-माने अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंक 'सिपरी' की बीते सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट से मिली यह जानकारी

## रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत पिछले साल 2024 में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन गया है। वैश्विक हथियार आयात में उसकी भागीदारी 8.3 फीसदी है। यह जानकारी जाने-माने अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंक 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी)' की पिछले सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट के जरिए मिली है। जिसमें बताया गया कि रूस के साथ युद्ध में उलझा हुआ यूक्रेन दुनिया का सबसे बड़ा हथियार

sipri
STOCKHOLM INTERNATIONAL PEACE RESEARCH INSTITUTE

आयातक देश बनकर उभरा है। जो उसके द्वारा 2015 से 2019 में खरीदे गए हथियारों से लगभग 100 गुना अधिक हैं। उसकी वैश्विक हथियार आयात में 8.8 फीसदी की भागीदारी है। वहीं, वर्ष 2020 से 2024 तक की समय अवधि में भारत द्वारा बड़े पैमाने पर की गई हथियारों की खरीद के पीछे चीन, पाकिस्तान की तरफ से लगातार बढ़ता सुरक्षा खतरा मुख्य वजह रहा है।

रूस ने 2020 से 2024 तक दुनिया के 33 देशों को अपने हथियारों की सप्लाई की। दो तिहाई हथियार तीन देशों को सप्लाई किए गए। इनमें भारत को सर्वाधिक 38 फीसदी, चीन को 17 फीसदी और कजाकिस्तान को 11 फीसदी हथियार दिए गए। भारत के मद्देनजर रूस द्वारा उसे 2015 से 2019 के बीच किया गया 55 फीसदी हथियारों का आयात और 2010 से 2014 के बीच किया गया ⏩शेष पेज 5 पर

### रूस पर घटी भारत की निर्भरता

सिपरी की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2015-19 और 2020-24 के दौरान भारत के हथियारों के आयात में 9.3 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। साथ ही इस मामले में उसकी रूस पर भी निर्भरता घटी है। इसकी एक बड़ी वजह भारत द्वारा अमेरिका, इजरायल और फ्रांस जैसे देशों से की जा रही हथियारों की खरीद है। यूक्रेन युद्ध और अमेरिका की भावी विदेश नीति को लेकर बनी हुई अनिश्चितता के कारण समान अवधि में यूरोप द्वारा किए जा रहे हथियार आयात में 155 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। जबकि बीते वर्ष में दुनिया में किए जाने वाले हथियार आयात में अमेरिका की भागीदारी में 43 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। जबकि रूस के आयात में 64 फीसदी की बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

### अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

# आनंद विहारः अस्थायी तंबू में आग लगने से तीन लोगों की मौत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एजीसीआर एन्क्लेव के पास अस्थायी रूप से बने एक तंबू में भीषण आग लग गई, जिसमें जलकर दो भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई और इसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम ने कहा कि हमने आनंद विहार थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106 (1) (लापरवाही से मौत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। घटना की जांच के लिए कई टीम गठित की गई हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को इस घटना के संबंध में सोमवार रात दो बजकर 22 मिनट पर सूचना मिली जिसके बाद दमकल के तीन वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि आग पर रात दो बजकर 50 मिनट पर काबू पा लिया गया।

अग्निशमन सेवा के अधिकारी फिरोज ने रात तीन बजकर 10 मिनट पर तंबू के अंदर से तीन लोगों के जले हुए शव बरामद किए जाने की पुष्टि की। पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार, मृतकों की पहचान जग्गी (30) के अलावा श्याम सिंह (40) और कांता प्रसाद (37) इन दो भाइयों के रूप में हुई है। ये सभी उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के निवासी थे, जो यहां श्रमिक के तौर पर कार्य करते थे। उसने बताया कि आग लगने के कारण दम घुट जाने से तीनों की मौत हो गई।

बयान में कहा गया कि मृतक और एक अन्य मजदूर इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) में काम करते थे और मंगलम रोड पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) प्लॉट के पास स्थित अस्थायी तंबू में रहते थे। बयान में कहा गया है कि उन्होंने टेंट में रोशनी के लिए डीजल से जलने वाली एक छोटी डिबिया का इस्तेमाल किया और उसे कथित तौर पर कूलर स्टैंड पर रख दिया। जीवित बच गए नितिन ने बताया कि लगभग दो बजे श्याम सिंह की नींद खुली और उसने आग की लपटें देखी, जिसके बाद दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहा। जैसे ही आग की लपटें तेज हुई, नितिन भागने में सफल रहा, लेकिन अन्य तीन फंस गए और आग की लपटों में घिर गए। तंबू के अंदर गैस सिलेंडर भी फट गया, जिससे आग और भड़क गई।

पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि श्याम और कांता के पिता रामपाल ने सवाल उठाया है कि एक व्यक्ति आग से कैसे बच गया, जबकि तीन अन्य जलकर मर गए। सूत्र ने बताया कि रामपाल भी उसी अस्थायी तंबू में रहते थे, लेकिन रात के खाने के बाद वह बाहर चले गए थे। पुलिस ने रामपाल और नितिन के बयान दर्ज कर लिए हैं। इस बीच, आईजीएल ने एक बयान जारी कर इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

बयान में कहा गया है कि ऐसी खबरें हैं कि आनंद विहार में भीषण आग लगने से आईजीएल के कर्मचारियों की जलकर मौत हो गई हैं। हालांकि हम इस दुर्भाग्यपूर्ण आग की घटना से बहुत दुखी हैं, लेकिन हम यह स्पष्ट करना चाहेंगे कि यह घटना आईजीएल से संबंधित नहीं है। मृतक आईजीएल के कार्यबल का हिस्सा नहीं थे।

# यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू करने को लेकर डीडीए-आईडब्ल्यूएआई में हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की यमुना में वाटर ट्रांसपोर्ट (क्रूज सेवा) का सपना और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा विधानसभा चुनाव में किया वादा अब साकार होने जा रहा है। यमुना में क्रूज की सवारी की दिशा में ऐतिहासिक परियोजना पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) के बीच महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, शांतनु ठाकुर, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के जल संसाधन मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा के अलावा भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह व अन्य आला अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर एलजी सक्सेना ने कहा कि आज यह बताना उचित होगा कि आज जो समझौता हुआ है, वह एक साल पहले हो गया होता, और आज यमुना में फेरी सेवा चालू होती। परन्तु जब पहली बार इस बात का प्रस्ताव आया, तो, तब के मुख्यमंत्री ने इसे पूरी तरह नकार दिया। यह नकारात्मक राजनीति दिल्ली के लिए अफसोसजनक रही। उन्होंने बताया कि आपको याद होगा कि लगभग दो साल पहले हमने यमुना को नेविगेबल बनाने के उद्देश्य से भारतीय सेना से एक बेहतरीन बोट ली थी। उसने यमुना की गहराई नापने का काम भी शुरू कर दिया था। परन्तु यह प्रयास भी तब के मुख्यमंत्री (अरविंद केजरीवाल) की नकारात्मक सोच का शिकार बन गया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर यमुना के विषय में मेरे द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर स्टे लगवा दिया। एलजी ने कहा कि खैर, अब निजाम अलग है और दिल्ली की जनता ने यमुना के प्रति अपनी भावना पूर्ण रूप से अभिव्यक्त कर दी है।



### आने वाला कल दिल्ली के लिए बहुत सुंदर होगाः सीएम

इस अवसर पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आज यह साइनिंग सेरेमनी दिखा रही है कि आने वाला कल दिल्ली के लिए बहुत सुंदर होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई को धन्यवाद देना चाहूंगी, जो डबल इंजन का आशीर्वाद दिल्ली को दे रहे हैं। मेरी दिल्ली को लेकर हम कैंपेन चलाने की बात ही कर रहे थे, ये दिल्ली के टूरिज्म के लिए बड़ा आयाम होगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व की सरकारों ने काम करने की जगह केवल कार्य रोकने की कोशिश की। रेखा गुप्ता ने कहा कि लेकिन दिल्ली वालों ने उन्हें ही रोककर एक साइड कर दिया है। लोगों ने इस चुनाव में जो हमें आशीर्वाद दिया है, उसका ही फल है कि आज डबल इंजन की भाजपा सरकार में ही यह सब मुमकिन हो रहा है। परियोजना के तहत दिल्ली में पहली बार वाटर ट्रांसपोर्ट के रूप में यमुना नदी में सोनिया विहार से जगतपुर (शनि मंदिर) तक मनोरंजक नाव व पर्यटन फेरी सेवा चलाई जाएगी। इसके अलावा यमुना नदी के दोनों किनारों को बेहद खूबसूरत तरीके से विकसित कर एक आधुनिक रिवर फ्रंट तैयार किया जाएगा, जो मनोरम दृश्यों और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **दानिश, पुत्रः इमरान उर्फ नजीर, निवासीः बस्ती, गजरौला, जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश,** और **रहीस मीट वाले का मकान, गली कांति नगर, सरताज मोहल्ला, कांति नगर, कृष्णा नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 7284/2015 U/S 379/411 IPC** के तहत एक मामला **थाना फर्श बाजार, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **दानिश** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **दानिश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **दानिश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अखिल मलिक**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02,**
**कमरा नं. 38, भूतल, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली**

**DP/3026/SHD/2025**


### शिक्षक संघ ने राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालयों को पुनर्स्थापित करने की मांग की

**नई दिल्ली।** राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिख कर राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालयों (आरपीवीवी) की पुनर्स्थापना और संरक्षण के लिए जल्द हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 1997 में भाजपा सरकार द्वारा स्थापित इन विद्यालयों ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले मेधावी और वंचित छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की थी, जिससे हजारों छात्र देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे इसरो, गूगल, आईआईएम, आईआईटी व सिविल सेवाओं और अन्य बड़े संस्थानों में स्थान प्राप्त कर चुके हैं।

### प्रदेश के सभी संगठनों एवं प्रकोष्ठों को मजबूत करने पर दिया जोर, यादव ने बैठक में दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में तीसरी बार मिली करारी हार से निकलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अब सभी संगठनों व प्रकोष्ठों को मजबूत करने पर दिया जोर देना शुरू किया है। इस दिशा में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष यादव ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में अधिकांश अग्रिम संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के आला पदाधिकारियों के बैठक ली। बैठक में यादव ने संगठन को चौतरफा मजबूती देने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने के दिशा निर्देश दिए। यादव ने कहा कि विधानसभा चुनावों के नतीजों से हमें हताश होने की जरुरत नहीं है। कांग्रेस एक राजनीति दल है जिसका हम प्रतिनिधित्व करते है और समय समय पर उतार चढ़ाव आते जाते रहते है। हमें यह भी नही भूलना चाहिए कि दिल्ली और देश अगर आज इस स्थिति में है कि लोग अपना जीवन यापन करने में सक्षम है, तो वह कांग्रेस की देन है।

## महिला दंत चिकित्सक ने की आत्महत्या



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी में एक महिला ने अपने घर पर फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में मृतक महिला (29) के पति ओशो प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक महिला पेशे से दंत चिकित्सक थी और अपने पति से कथित रूप से अलग रह रही थी। पुलिस के अनुसार, महिला के पिता ने इस घटना के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को सूचना दी। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि महिला कुछ व्यक्तिगत परेशानियों का सामना कर रही थी, लेकिन उसके द्वारा उठाए गए इस कदम का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर रोहिणी थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85 और 108 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कमलेश** पत्नी **मोती राम** निवासी **टी–41, वेलकम, सीलमपुर, दिल्ली** ने case **FIR No. 198/09 U/s 325 IPC, थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **कमलेश** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कमलेश** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 198/09 U/s 325 IPC, थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कमलेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.06.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री ऐशवर्या सिंह कश्यप**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06**
**कमरा नं. 25, प्रथम तल, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2957/SHD/2025(Court Matter)**


# दिल्ली नगर निगम को टैक्स दे रहे लोगों को ना हो असुविधा : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ केशव पुरम जोन में हाउस टैक्स विभाग की विस्तारित इमारत का लोकार्पण

हाउस टैक्स विभाग दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का सबसे अधिक राजस्व एकत्रित करने वाला विभाग है। लेकिन दुर्भाग्यवश, टैक्स जमा करने के लिए यहां आने वाले नागरिकों और अधिकारियों के लिए बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं थी। अब इस विस्तारित भवन के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हमें अपने कार्य को सेवा के रूप में देखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टैक्स देने आने वाले लोगों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। दिल्ली नगर निगम के केशव पुरम जोन के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने हाउस टैक्स विभाग की विस्तारित इमारत के भव्य लोकार्पण के दौरान आयोजित कार्यक्रम में यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि इस भवन में पूर्व में स्थान की कमी के कारण जनता एवं अधिकारियों को असुविधा का सामना करना पड़ता था, जिसे ध्यान में रखते हुए इस नए विस्तार को जनता की सुविधाओं के मद्देनजर तैयार किया गया है। इस अवसर पर केशव पुरम जोन के अध्यक्ष योगेश वर्मा (एडवोकेट), केशव पुरम जोन के उपायुक्त संदीप कुमार, हाउस टैक्स विभाग के अधिकारी कमल कुमार एवं दिनेश शर्मा सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं, जोन के उपायुक्त संदीप कुमार ने भी अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि हमें निगम के हित में कार्य करते हुए टैक्स कलेक्शन को अधिकतम बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए, जिससे नगर निगम को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में हाउस टैक्स विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कमल कुमार ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनता का धन्यवाद किया और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह नई सुविधा टैक्स जमा करने आने वाले नागरिकों को राहत प्रदान करेगी।

## जनता के पैसे के 'दुरुपयोग' के लिए अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाने में जनता के पैसे का दुरुपयोग करने के आरोप में 'आप' नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का मंगलवार को निर्देश दिया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने कहा कि इस अदालत की राय है कि आवेदन सीआरपीसी की धारा-156(3) के तहत स्वीकार किए जाने योग्य हैं। तदनुसार, संबंधित थाना प्रभारी (एसएचओ) को दिल्ली संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम, 2007 की धारा-3 और मामले के तथ्यों से प्रतीत होने वाले किसी भी अन्य अपराध के तहत तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया जाता है। साल 2019 में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल, मटियाला से आम आदमी पार्टी (आप) के तत्कालीन विधायक गुलाब सिंह और द्वारका ए वार्ड की तत्कालीन पार्षद नितिका शर्मा ने क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर जानबूझकर जनता के पैसों का दुरुपयोग किया।

### डीयू में अंतर्राष्ट्रीय छात्र महोत्सव आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के फॉरेन स्टूडेंट्स रजिस्ट्री (एफएसआर) विभाग ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय छात्र महोत्सव-2025 का आयोजन किया। इस अवसर पर राजदूत शशांक (भारत सरकार के पूर्व विदेश सचिव) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। फिजी गणराज्य के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी महोत्सव के विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न देशों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने देश की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशांक ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप में से प्रत्येक विद्यार्थी आपके देश की भारत के साथ साझेदारी को विकसित करने में काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन पश्चिमी दर्शन से भिन्न है।

### देश में चरित्र निर्माण की बात करता है एबीवीपी छात्र संगठन

# भारतीय संस्कृति का अमूल्य गहना है पूर्वोत्तर : अमित शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




पूर्वोत्तर भारत भारतीय संस्कृति का अमूल्य गहना है। यह क्षेत्र न केवल विविधता में अद्वितीय है, बल्कि इसकी सांस्कृतिक विरासत, परंपराएं और आस्थाएं हमारे राष्ट्रीय जीवन के अभिन्न अंग हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय छात्र संसद के अंतिम सत्र पूर्वोत्तर युवा छात्र संसद में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि हमने बीते दस वर्षों में पूर्वोत्तर को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। आज पूर्वोत्तर में शांति और स्थिरता स्थापित हुई है, जिसके परिणामस्वरूप उग्रवाद में 70 प्रतिशत की कमी आई है, सुरक्षा बलों की वीरगति में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है और आम नागरिकों की मृत्यु दर में 89 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। साथ ही कहा कि आज देश में चरित्र निर्माण की बात करने वाला यदि कोई छात्र संगठन है, तो वह केवल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद है। विद्यार्थी परिषद केवल देश के विषय में सोचता है अगर आप भारत के भविष्य से जुड़ना चाहते हैं तो आपको एबीवीपी से जुड़ना चाहिए। साथ ही पूर्वोत्तर छात्र संगठनों के बीच सेतु बनने का कार्य भी एबीवीपी को करना चाहिए।

### पूर्वोत्तर भारत के विकास को लेकर एबीवीपी ने निभाई सदैव सक्रिय भूमिका : सोलंकी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा, सांस्कृतिक एकता और समग्र विकास को लेकर एबीवीपी ने सदैव सक्रिय भूमिका निभाई है। असम में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा हो या शहीद ज्योति यात्रा के माध्यम से राष्ट्रवादी चेतना जागृत करने की पहल, एबीवीपी ने हर मोर्चे पर दृढ़ता दिखाई है। अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन के अंतर्गत 'भारत हमारा देश है' की थीम पर कार्य करते हुए पूर्वोत्तर को राष्ट्रीय मुख्यधारा से सशक्त रूप से जोड़ने का प्रयास किया गया है। पूर्वोत्तर छात्र संसद केवल संवाद तक सीमित नहीं, बल्कि नीति-निर्माण में छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने की ऐतिहासिक पहल है, जिसके तहत लिए गए निर्णयों और छात्रों की मांगों को जल्द ही सरकार तक पहुंचाएंगे।

### 95 छात्र संगठनों के 170 प्रतिनिधियों ने भाग लिया

एबीवीपी से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को अंतिम दिन पूर्वोत्तर छात्र युवा संसद का आयोजन एबीवीपी और अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन (एसईआईएल) के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक छात्र संसद में पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों से 95 छात्र संगठनों के 170 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त एबीवीपी के पूर्वोत्तर राज्यों के 50 प्रतिनिधि और दिल्ली में कार्यरत विभिन्न पूर्वोत्तर छात्र संगठनों के 50 प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिसमें ऑल ओल्लो छात्रसंघ, ऑल मिश्मी छात्रसंघ, ऑल ताई खामती सिंग्फो छात्रसंघ, ऑल मेयोर छात्रसंघ, ऑल इड्ु-मिश्मी छात्रसंघ, ऑल शेरदुक्पेन छात्रसंघ, ऑल मोनपा छात्रसंघ, ऑल तुत्सा छात्रसंघ (चांगलांग), ऑल तुत्सा छात्रसंघ (तिराप) सहित अन्य प्रमुख छात्र संगठनों ने हिस्सा लिया।


## आपूर्ति का कार्य

नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं।

**क्रमिक संख्या. 1। निविदा संख्या. NB255216, कार्य का नामः** रेडियेटर यूनिट, मोटर एवं अन्य साजो-सामान सहित संपूर्ण, एलएचबी पॉवर कार के केओईएल ईंजन हेतु उपर्युक्त होने वाले एवं केओईएल पार्ट संख्या. डीवी0.031.39.0 एसपीआर के साथ एक जैसी होनी चाहिए। (वारंटी की अवधिः डिलिवरी की तारीख के बाद 30 महिने)। **धरोहर राशिः ₹80,280/-।**

**क्रमिक संख्या. 2। निविदा संख्या. NB255165, कार्य का नामः** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. आरडीएसओ/एसी/0061-2005 (आरईवी.1) या फिर अनंतिम अनुसार अमित मैक एलएचबी वेरियेंट आरएमपीयू हेतु उपर्युक्त होनेवाले 2 संख्यक इवापोरेटर कइल (एलएचएस एवं आरएचएस) एवं 2 संख्यक कनडेनसार कइल प्रत्येक सेट पर निश्चित तोर पर रहना होगा (एलएचएस एवं आरएचएस) और उक्त सेट पर कॅनडेनसार एवं इवापोरेटर कइल असेमब्ली रहना होगा। टिप्पणीः सामग्रियाँ ओईएम या फिर उसके अनुमोदित डीलर से प्राप्त करना होगा। **धरोहर राशिः ₹ 2,31,690/-।**

**क्रमिक संख्या. 3। निविदा संख्या. NB255164, कार्य का नामः** क्यूमिनस इंजन हेतु सिरिज 6622-फ्यूअल कनजम्पशन मणिटर की आपूर्ति (एचएसएन कोडः 90261010) मैकः फ्लूईडाइन, मॉडलः सेट पर 6622-डीएन 15-एएल-एसटीडी-डीसी-एमओडी-एनआईटी एवं प्रत्येक सेट पर 2 संख्यक आईटम रहना होगा। (वारंटी की अवधिः डिलिवरी की तारीख के बाद 30 महिने)। **धरोहर राशिः ₹ 2,27,740/-।**

**क्रमिक संख्या. 4। निविदा संख्या. NB255171, कार्य का नामः** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. आरडीएसओ/एसी/0061-2005 (आरईवी-1) या फिर अनंतिम अनुसार सिडवल मैक एलएचवी वेरियंट आरएमपीयू हेतु उपर्युक्त होने वाले 2 संख्यक इवापोरेटर कइल (एलएचएस एवं आरएचएस) एवं 2 संख्यक कनडेससर कइल (एलएचएस एवं आरएचएस) निश्चित तोर पर रहे प्रत्येक सेट पर रहना होगा एवं उक्त सेट पर कनडेनसर एवं इवापोरेटर कईल असेमब्ली रहना होगा। टिप्पणीः (1) केवल आरडीएसओ अनुमोदित स्रोत से या फिर ओईएम या फिर इसके अनुमोदित डीलर से सामग्रियाँ प्राप्त करना होगा। (2) दस्तावेजी प्रमाण सहित उल्लेख करने हेतु केवल ओईएम से निविदा के निर्धारित स्वीकृति पत्र के साथ ओईएम या फिर उनके अनुमोदित डीलर। (वारंटी की अवधिः डिलिवरी की तारीख के बाद 30 महिने)। **धरोहर राशिः ₹ 2,31,690/-।** उपरोक्त सभी निविदा के लिए **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 28-03-2025** तारीख के **14.30** बजे में।

**क्रमिक संख्या. 5। निविदा संख्या. NB255168बी, कार्य का नामः** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0177 (आरईवी.0) -2013 अनुरुप ईओजी टाइप एसी कोच/पॉवर कार हेतु 500 एएमपी, 750 वी, इंटर वेहिकुलर (IV) कपलर यूनिट। (वारंटी की अवधिः डिलिवरी की तारीख के बाद 30 महिने)। **धरोहर राशिः ₹ 13,02,720/-।**

**क्रमिक संख्या. 6। निविदा संख्या. NB255169ए, कार्य का नामः** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. ईएलआरएस/एसपीईसी/ईएलसी/0019 (आरईवी-4) अनुरुप 750 वी से 150 वर्गमिलीमीटर आकार के 1.8/3.0 केवी तक से उपर के वर्किंग वोलटेज हेतु कॉपर कंडक्टर सहित थिन वालड फ्लैक्सिबल इलास्टोमैटिक केबल। रंगः लाल, पीला एवं नीला सम परिमाण से। स्रोत का प्रतिबंधः आरडीएसओ/आईसीएफ/आरसीएफ अनुमोदित स्रोत तक प्रतिबंधित किए गए हैं। (वारंटी की अवधिः डिलिवरी की तारीख के बाद 30 महिने)। **धरोहर राशिः ₹ 13,78,680/-।** क्रमिक संख्या. 5 और 6 के लिए **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 02-04-2025** तारीख के **14.30** बजे में।

**क्रमिक संख्या. 7। निविदा संख्या. NB255234, कार्य का नामः** क्यूमिनस डीजल इंजन मॉडल संख्या. केटीए-19-जी-5 हेतु उपर्युक्त होनेवाले एवं क्यूमिनस पार्ट संख्या. 4959063 अनुसार एक जैसे होने वाले मोटर एवं अन्य साजो-सामान सहित संपूर्ण रेटियेटर यूनिट। (वारंटी की अवधिः डिलिवरी की तारीख के बाद 30 महिने)। **धरोहर राशिः ₹ 1,33,800/-। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 28-03-2025** तारीख के **14.30** बजे में।

उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डी, न्यू बंगाईगॉव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"




## प्रदेश भाजपा ने आयोजित किया होली मंगल मिलन समारोह

# हमको बिना भेदभाव दोहराना है सभी की सेवा का संकल्प : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यह होली 2025 विशेष है जब दिल्ली में हमारी सरकार है और हमको बिना भेदभाव सभी की सेवा का संकल्प दोहराना है और संगठन के साथ मिलकर डबल इंजन की सरकार के लाभ को जन जन तक पहुंचाना है। दिल्ली भाजपा प्रदेश के मीडिया विभाग द्वारा मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित होली मंगल मिलन कार्यक्रम के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह संबोधन दिया। वहीं, इस अवसर पर दिल्ली भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज खुशी का अवसर है कि 27 वर्ष बाद पार्टी के रंग उत्सव कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं मंत्री शामिल हुए हैं और हमें आज संकल्प लेना है कि जिस तरह होली के रंग सबको हर्षित करते हैं उसी तरह भाजपा के कार्यकर्ताओं के माध्यम से हमको दिल्ली के नागरिकों के जीवन में हर प्रकार की सुविधाओं के रंग भरने हैं। बता दें कि यहां प्रदेश भाजपा ने दिल्ली भाजपा बीट से जुड़े मीडिया कर्मियों के साथ होली मंगल मिलन का आयोजन किया जिसमें 500 से अधिक प्रमुख मीडिया कर्मियों और भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता शामिल हुए। भाजपा मीडिया विभाग के इस वार्षिक होली मंगल मिलन में पहली बार लाइव संगीत कार्यक्रम रखा गया और अधिकांश नेता एवं मीडिया कर्मी फाग गाण के मधुर संगीत पर तो नाचे गाये ही और पुष्प होली का आनंद भी लिया।



### पुष्प वर्षा और चंदन लगा कर किया स्वागत

यहां प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने एक पक्के मेजबान के रूप में स्वयं मीडिया कर्मियों एवं नेताओं पर पुष्प वर्षा की और चंदन लगा कर उनका स्वागत किया। प्रदेश भाजपा के कार्यालय प्रमुख बृजेश राय एवं उप प्रमुख अमित गुप्ता ने कार्यालय स्टाफ के साथ कार्यालय की भव्य सजावट करवाई। मीडिया विभाग हर वर्ष होली उत्सव आयोजित करता है और यहां होली का उत्सव विशेष आकर्षक रहा क्योंकि 27 वर्ष बाद आज होली उत्सव में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं अनेक मंत्री शामिल हुए।

### दिल्ली नगर निगम ने होली मिलन कार्यक्रम का किया आयोजन



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के राजभाषा विभाग ने निगम मुख्यालय में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर राजभाषा विभाग के उपायुक्त बी पी भारद्वाज सहित काफी संख्या में निगम कर्मचारी उपस्थित थे। इस मौके पर निगम कर्मियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये और फूलों से होली खेली। निगम कर्मियों ने कविता पाठ, नाटक, गायन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये और सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी।

### धुलेंडी पर दोपहर 2.30 तक बंद रहेगी मेट्रो सेवाएं, बाद में सामान्य समय अनुसार होगा परिचालन

**नई दिल्ली।** होली (धुलेंडी) पर्व के मौके पर शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर दोपहर 2.30 बजे तक मेट्रो रेल सेवाएं बंद रहेगी। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने बताया कि धुलेंडी पर्व के अवसर पर 14 मार्च 2025 को दिल्ली मेट्रो सेवाओं में बदलाव किया गया है। जिसके तहत दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर सुबह से लेकर दोपहर 2.30 बजे तक मेट्रो रेल सेवाएं पूरी तरह से बंद रहेगी। डीएमआरसी के अनुसार दोपहर 2.30 बजे के बाद पहले की तरह ही सभी लाइनों पर मेट्रो रेल सेवाएं अपने तय समय के अनुसार चलेगी। यह बदलाव धुलेंडी के मौके पर गत वर्षों से किया जाता रहा है।

## प्रवेश, वीरेंद्र और रवि ने ली एनडीएमसी सदस्य के रूप में शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ विचार विमर्श के बाद विभिन्न प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

नई दिल्ली से विधायक व केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, विधायक वीरेंद्र सिंह कादियान और रवि कुमार अरोड़ा ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) सदस्य के रूप में शपथ ली और इसके बाद एनडीएमसी ने अपनी परिषद की बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार विमर्श के बाद विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। एनडीएमसी से मंगलवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार अपनी परिषद की प्रारम्भिक बैठक की अध्यक्षता नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने की। बांसुरी स्वराज ने बैठक प्रारम्भ होते ही नई दिल्ली से विधायक व केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, दिल्ली कैंट से विधायक वीरेंद्र सिंह कादियान और रवि कुमार अरोड़ा (अतिरिक्त सचिव, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार) को संविधान के प्रति आस्था और निष्ठा की शपथ संबंधित राजपत्र अधिसूचना के अनुसरण में नई दिल्ली नगरपालिका के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई।

इसके बाद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा की अध्यक्षता में परिषद की बैठक में सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, विधायक और सदस्य एनडीएमसी, वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद के सदस्य अनिल वाल्मीकि, सरिता तोमर, दिनेश प्रताप सिंह और रवि कुमार अरोड़ा की उपस्थिति में एजेंडे में शामिल विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया गया और उन्हें मंजूरी दी गई।

### लोगों के लिए जरूरी है मोहल्ला क्लीनिक : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा है कि दिल्ली के लोगों के लिए मोहल्ला क्लीनिक जरूरी है इन्हें बंद नहीं किया जाना चाहिए। मंगलवार को कई आप नेताओं ने अपने इलाके में स्थित मोहल्ला क्लीनिकों में जाकर वहां इलाज कराने आए लोगों से उनकी राय जानी और उसे सोशल मीडिया पर साझा किया। बुराड़ी से आप के विधायक संजीव झा ने हरदेव नगर स्थित मोहल्ला क्लीनिक का दौरा किया। उन्होंने बताया कि इस मोहल्ला क्लीनिक का किराया 11 हजार रुपए दिया जा रहा है। हरदेव नगर में 3 कमरे का मकान 15 से 20 हजार रुपए से कम में नहीं मिलता है। सरकार ने जनता के हित का काम बताकर किराया कम कराया ताकि लोगों को पास में ही अच्छी सुविधाएं मिल पाए। मोहल्ला क्लीनिक बंद होने से लोगों का इलाज होना मुश्किल हो जाएगा। वहीं पूर्व विधायक राजेश गुप्ता वजीरपुर गांव के शिव मंदिर के अंदर बने मोहल्ला क्लीनिक में जाकर लोगों से बात की। उन्होंने कहा कि वजीरपुर विधानसभा में भी कई मोहल्ला क्लीनिक बने। यहां गांव की घनी आबादी है, परन्तु स्वास्थ्य सेवा के लिए खाली जगह नहीं थी। इसलिए अरविंद केजरीवाल की सरकार ने मंदिर समिति से आग्रह कर 12000 प्रतिमाह पर यहां मोहल्ला क्लीनिक खोला जो आज तक जनता को सेवाएं दे रहा है। लोगों को फ्री दवाई दी जाती है। फ्री टेस्ट होते हैं। इस कड़ी में त्रिलोकपुरी से निगम पार्षद विजय कुमार और रमेश प्रधान ने भी अपनी बातें शेयर की।

### भाजपा सरकार होली दिवाली पर जरूरतमंद बहनों को देगी फ्री सिलेंडर : सचदेवा

**नई दिल्ली।** जिस तरह भाजपा ने बजट व्यवस्था करके महिला समृद्धि योजना लागू कर समृद्धि योजना भत्ता शीघ्र देने की तैयारी की है वैसे ही शीघ्र ही भाजपा सरकार होली दिवाली पर जरूरतमंद बहनों को फ्री सिलेंडर वरीयता पर देगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि हर दिन अपनी 10 साल की सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खुलने से परेशान आम आदमी पार्टी के नेता समझ रहे हैं कि भाजपा संकल्प पत्र बिंदुओं पर भ्रामक बयानबाजी करके वह जनता को गुमराह कर लेंगे पर सच यह है कि आप नेताओं की भ्रामक बयानबाजी से जनता तो गुमराह नहीं हो रही बल्कि आप नेताओं की पोल खुल रही है। सचदेवा ने कहा है कि लगभग 15 दिन पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना एवं अन्य नेता महिला समृद्धि योजना फंड को लेकर महिलाओं को गुमराह करती रहीं पर जैसे ही सरकार ने दिल्ली बजट 2025-26 में रूपए 5100 करोड़ की घोषणा कर दी तो अब आज होली पर फ्री सिलेंडर के भाजपा के संकल्प पर अव्यवहारिक बयान देना शुरू कर दिया है। सचदेवा ने कहा है कि भाजपा एवं आप में यही मूल अंतर है कि आप नेता घोषणावीर हैं लेकिन वहीं भाजपा बिना आर्थिक प्रबंधन के घोषणा नहीं करती।

## क्या होली पर मुफ्त सिलेंडर मिलेगा : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर होली-दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर मुफ्त देने के चुनावी वादे को याद दिलाते हुए मंगलवार को कहा कि क्या होली पर फ्री सिलेंडर मिलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष आतिशी ने दिल्ली के अलग-अलग इलाके आईं महिलाओं के साथ 2500 रुपए तो जुमला निकला, क्या फ्री सिलेंडर मिलेगा?' लिखा पोस्टर दिखाकर भाजपा चुनावी वादे को याद दिलाया। आतिशी ने प्रैसवार्ता में कहा कि भाजपा ने चुनाव के दौरान दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपए देने के अलावा होली-दिवाली पर मुफ्त एक सिलेंडर देने का भी वादा किया था। तीन दिन बाद 14 मार्च को होली का त्योहार है। दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही हैं कि उनके घर में फ्री सिलेंडर कब आएगा? दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से महिलाएं आम आदमी पार्टी के विधायकों के कार्यालय में आ रही हैं और पूछ रही हैं कि होली में तीन दिन बाकी हैं, हमारा फ्री का सिलेंडर कब आएगा? दिल्ली की महिलाएं भाजपा से पूछना चाहती हैं कि क्या 14 मार्च को होली के दिन दिल्ली की सारी महिलाओं को फ्री सिलेंडर मिलने वाला है।

### होली पर फ्री गैस सिलेंडर देने के वादे पर चुप्पी क्यों : देवेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाया है कि भाजपा सरकार लोगों को होली पर मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देने के वादे और 500 रुपए में सिलेंडर देने की बात पर चुप क्यों है। उन्होंने दूसरा सवाल उठाया कि आगामी 24-28 मार्च 2025 को प्रथम बजट सेशन के एजेंडे में भाजपा सरकार ने सीएजी (कैग) रिपोर्ट टेबल करने का कोई हवाला नहीं है। भाजपा ने चुनावों से पहले जो भी वादे किए थे उनमें से किसी पर भी गंभीरता से विचार नहीं कर रही है। दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये देने के नाम पर धोखा करने वाली भाजपा सरकार ने अब होली पर मुफ्त सिलेंडर देने का वादा भी पूरा नहीं किया है। इतना ही नहीं रेखा गुप्ता की सरकार ने गरीबों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने के वादे को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया है। यादव ने कहा कि ऐसा लगता है कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को बहुमत देकर कहीं केजरीवाल की सरकार बनाने वाली गलती तो नहीं कर दी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में 3 वर्षों से भगवंत मान की सरकार बनने के बावजूद महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये देने के वादे को अभी तक पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने जोर शोर से केजरीवाल सरकार को करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग करके शीश महल बनाने और शराब घोटाले को लेकर जनता से वादे किए थे। वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनते ही पहले सत्र में सभी रुकी हुई कैग रिपोर्ट को सदन में रखा जाएगा। लेकिन बड़ी अजीब बात है कि 24-28 मार्च 2025 को होने वाले प्रथम बजट सत्र के एजेंडे में सीएजी रिपोर्ट का कोई हवाला तक नही है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि भाजपा सरकार बाकी बची 12 सीएजी रिपोर्टों को सदन पटल पर रखने से भाग क्यों रही है।

## आने वाले 15-20 दिनों के भीतर सरकारी अस्पतालों में नजर आएंगे बड़े बदलाव : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ स्वास्थ्य मंत्री ने अंबेडकर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा

आने वाले 15-20 दिनों के भीतर दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में बड़े बदलाव नजर आएंगे, सभी अस्पतालों में जल्द ही मरीजों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएंगे। यह बात मंगलवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने रोहिणी स्थित डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल का औचक निरीक्षण के बाद कही। गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने मंगलवार को अंबेडकर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री ने अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं, चिकित्सा उपकरणों, आपातकालीन व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों से बात की और अस्पताल के डाक्टरों एवं कर्मचारियों को बेहतर काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य है, दिल्ली के अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को बेहतर इलाज और सुविधाएं मिलें। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली की जनता को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी अस्पताल में सरप्राइज इंस्पेक्शन के लिए आ सकता हूं। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और कर्मचारियों से बात करते हुए कहा है कि आप सभी कुशल और अनुभवी हैं, किसी भी समस्या के समाधान लिए सरकार आपके साथ हैं।

### दिल्लीवासियों के सहयोग से सारे वादे होंगे पूरे, नई योजनाएं भी लाएंगे : रविन्द्र इंद्राज

नई दिल्ली। प्रदेश की जनता हमारा परिवार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होली से पहले ही आयुष्मान भारत योजना और महिला समृद्धि योजना का उपहार दिल्ली वासियों को दिया गया, इसी तरह जनता से किया हर वादा सरकार पूरा करेगी। साथ ही आप सबके सुझाव से सरकार बजट पेश करेगी और नई योजनाएं लाएगी। यह बातें मंगलवार को समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रोहिणी सेक्टर 23 के डीडीए ग्राउंड में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कही। मंत्री रविन्द्र ने अपने विधानसभा क्षेत्र बवाना की जनता एवं कार्यकर्ताओं का भी अभिनंदन करते हुए कहा कि सरकार आप सबके आशीर्वाद से बनी है और जनसहयोग से विकसित दिल्ली बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। मंत्री रविन्द्र इंद्राज ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों और खुशियों का त्योहार ही नहीं, बल्कि सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का भी पर्व है। स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आएगा।

### होली पर तीन दिन बरस सकते है बादल

नई दिल्ली। होली पर्व पर के अवसर पर इस बार मौसम भी अपने रंग में नजर आ सकता है, साथ आसमान से पानी बरसने की पूरी पूरी संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो राजधानी में लगातार तीन दिन हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। लेकिन मंगलवार को सूरज के कड़े तेवरों के चलते अधिकतम तापमान इस सीजन का सबसे अधिक 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य तापमान से 6.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। जबकि रविवार को अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो उस समय तक इस मौसम का सबसे अधिक तापमान था। वहीं सोमवार को अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। लेकिन मंगलवार को इसमें दो डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिली। वहीं न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम में 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी की मानें तो इस समय दिल्ली के मौसम में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कभी बादल, कभी तेज गर्मी, कभी हवाओं की ठंडक महसूस हो रही है। आईएमडी के पूर्वानुमान को समझे तो होली पर इस बार हल्की बूंदाबांदी देखी जा सकती है।



## खबर संक्षेप

### फूलों की होली व परिवार मिलन समारोह



**फरीदाबाद।** रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सांझा पार्क में फूलों की होली व परिवार मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार विपुल गोयल, राज्यमंत्री हरियाणा राजेश नागर, विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक धनेश अदलक्खा की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अध्यक्ष चौधरी रणबीर सिंह, महासचिव अजय भाटिया ने गणमान्य लोगों का स्वागत किया।

### कैब में सवारी बैठाकर लूटने वाला आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** कैब में सवारी बैठाकर उनको लूटने वाले को अपराध शाखा ने काबू किया है। 5 मार्च को दीपक कुमार की शिकायत पर लूट की धाराओं में केस दर्ज किया गया था कि चालक ने गाड़ी रोकी और आगे बैठा युवक पीछे वाली सीट पर बैठ गया। जिन्होंने मारपीट की, मोबाइल छीन लिया व शिकायतकर्ता के खाते से दूसरे के खाते में यूपीआई के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करवा लिए।

### अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेंट्रल की टीम ने हरीश उर्फ हरिया को गिरफ्तार किया है। 4 मार्च को पुलिस की अपराध शाखाओं ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रिंस को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा सेन्ट्रल की टीम ने प्रिंस वासी गांव थमनबिगा जिला गया बिहार हाल मिर्जापुर मोड बल्लभगढ़ को सेदपुर रेलवे लाईन तिगांव से एक देशी पिस्तौल सहित काबू किया है।

### अग्रवाल समिति का होली मिलन समारोह



**फरीदाबाद।** त्योहारों पर मिलन समारोह आयोजित करना न केवल भाग दौड़ भरी जिंदगी को कुछ पल सुकून के दिलाता है बल्कि यह हमारी प्राचीन संस्कृति को भी बचाए रखने में सहायक होता है। उक्त विचार प्रसिद्ध समाज सेवी मुकेश मंगला ने अग्रवाल समिति बल्लबगढ़ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम में ब्रज के रसिया, लोकगीतों के साथ-साथ होली के गीतों पर भी सभी जमकर झूमे। कार्यक्रम में मेरो खो गयो बाजूबंद रसिया, होली में होली में होली में, होलिया में उड़े रे गुलाल जैसे अनेकों गीतों पर महिलाओं ने भी नृत्य कर होली मिलन समारोह को यादगार बना दिया।

# दहेज प्रताड़ित नवविवाहिता ने पंखे से लटक कर दी जान, 26 फरवरी को हुई थी शादी

### पति सहित 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मॉच्युरी में भिजवा दिया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

एक नवविवाहिता ने दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर घर की पहली मंजिल पर फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान खुशबू के रूप में हुई है। उसकी शादी 26 फरवरी 2025 को हुई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल की मॉच्युरी में भिजवा दिया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मृतका के जेठ पवन कुमार ने बताया कि खुशबू की शादी उनके भाई गौतम कुमार से हुई थी। शादी के बाद से सब कुछ सामान्य चल रहा था। खुशबू घर के सभी सदस्यों के साथ अच्छे से रहती थी। घटना वाले दिन भी उसने सभी के लिए खाना बनाया और खिलाया।

रात को खुशबू अपने कमरे में सोने चली गई। रात 11 से 12 बजे के बीच खुशबू के भाई का फोन आया। उन्होंने कहा कि एक बार खुशबू के कमरे में जाकर देखो। पवन ने जेठ होने के कारण मां को जगाया। जब वे कमरे तक पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था।

### आत्महत्या से पहले परिवार के लिए खाना पकाया और उन्हें खिलाया भी



आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर खुशबू पंखे के हुक से चुन्नी के सहारे लटकी मिली। उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के शव का बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में फरीदाबाद के पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया - सिकरौना पुलिस चौकी में मृतका खुशबू के पिता सुरेंद्र पाल की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना के चलते उनकी बेटी द्वारा आत्महत्या करने की शिकायत पर आरोपी पति गौतम कुमार, सास ललिता देवी, ननद सुनीता और ननदोई मिथलेश के खिलाफ दहेज प्रताडना से तंग आकर आत्महत्या करने का मामला दर्ज किया गया है।

#### पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले

पुलिस ने बादशाह खान सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की मृतका की पिछले महीने यानी 26 फरवरी को ही शादी हुई थी।

## शादी से इंकार करने पर युवती की हत्या के प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



आईएमटी एरिया में शादी करने से मना करने पर युवती की हत्या करने के प्रयास के आरोपी को मानेसर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवती को मंदिर ले जाने के बाद कासन की पहाडिय़ों पर ले गया था। जहां युवती पर हमला करने के बाद उसे मरा समझकर फरार हो गया था। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

आईएमटी मानेसर थाना पुलिस को बीती 3 मार्च को सूचना मिली कि गांव कासन की पहाड़ी में एक युवती घायलावस्था में पड़ी है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस टीम द्वारा सीन-ऑफ-क्राइम, फिंगरप्रिंट व डॉग्स स्क्वायड टीमों से घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया। एक दिन बाद उपचाराधीन युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव भांगरौला में किराए पर रहती है और आईएमटी मानेसर स्थित एक कंपनी में काम करती है। यहीं पर उसकी दोस्ती बिहार के गया निवासी 26 वर्षीय मिंटू कुमार से हुई। बीती 2 मार्च को युवती अपनी सहेली व मिंटू के साथ पूर्वा बाबा मंदिर कासन में घूमने गई थी। इसके बाद सहेली को मंदिर में छोडक़र युवती व मिंटू गांव कासन की पहाडिय़ों में घूमने चले गए। वहां मिंटू ने उसके साथ शादी करने की बात कही। युवती ने मना किया तो मिंटू आग-बबूला हो गया और युवती को नीचे गिराते हुए उस पर हमला कर दिया। मिंटू ने पत्थर से युवती के सिर व मुंह पर भी चोट मारी और उसे मरा समझकर वहां से फरार हो गया। युवती पूरी रात पहाड़ी पर पड़ी रही। दूसरे दिन पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया और मिंटू के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

## सिर में बैट मारकर की युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सदर थाना एरिया के सैनीपुरा में एक युवक ने घर में घुसकर सो रहे युवक के सिर में बैट मार-मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर भाग रहा युवक दीवार कूदने के दौरान गिर पड़ा। जिसे परिजनों ने काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।



झाड़सा पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई धर्मेंद्र को मंगलवार की सुबह करीब तीन बजे सूचना मिली कि सैनीपुरा मोहल्ला झाड़सा में एक व्यक्ति की सिर में चोट मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला, जिसके सिर पर काफी चोटों के निशान थे। पुलिस को मृतक की बहन ने बताया कि रात को वह अपने कमरे में बच्चों के साथ सोई हुई थी। कमरे के बाहर उसका भाई नीरज सोया हुआ था। रात करीब दो बजे अचानक से उसे आवाज सुनाई दी तो वह बाहर निकली। एक अंजान युवक नीरज के सिर पर बार-बार बैट मार रहा था। उन्होंने हमलावर को पकडऩे की कोशिश की तो वह भागने लगा। दीवार से कूदने के दौरान वह नीचे गिर गया। उन्होंने हमलावर को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। चोट लगने के कारण नीरज की मृत्यु हो गई। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

आरोपी की पहचान एमपी के दमोह निवासी 26 वर्षीय संजय के रूप में हुई। पुलिस छानबीन में सामने आया कि आरोपी संजय नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है और 10/11 मार्च की रात को जब नीरज अपने किराए के कमरे के बाहर सो रहा था। उसी दौरान करीब दो बजे आरोपी संजय ने कमरे में ही रखे क्रिकेट बैट से नीरज के सिर पर कई बार वार कर नीरज की हत्या कर दी।

## 7 साल की नाबालिग से अश्लील हरकत करने के मामले में 7 साल की कैद

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 एरिया में सात वर्षीय नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत करने के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा व 50 हजार रुपए के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। मामला जून 2022 में दर्ज किया गया था।

सोमवार को अदालत में दाखिल की गई चार्जशीट व पुलिस द्वारा एकत्रित किए गए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर एडिशनल सेशन जज अश्वनी कुमार की अदालत ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दे दिया। वहीं अदालत ने आरोपी को धारा 10 पोक्सो एक्ट के तहत सात साल की कैद (कठोर कारावास) व 50 हजार रूपए जुर्माने व धारा 12 पोक्सो एक्ट के तहत तीन साल कैद (कठोर कारावास) व 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

## जीडीए के आवासीय भवन में संचालित 3 ओयो होटल व एक हाल सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जीडीए ने मंगलवार को हापुड रोड पर आवासीय भवनों में संचालित किए जा रहे तीन ओयो होटल व एक हॉलनुमा स्ट्रक्चर को कर दिया। मानवाधिकार आयोग में प्राप्त शिकायत के क्रम में आयोग से प्राधिकरण के प्रभारी प्रवर्तन जोन-4 के निर्देशन में हापुड रोड पर स्थित आवासीय भवनों में राम शर्मा द्वारा संचालित ओयो होटल 'होटल ब्लू इनर', अनुज शर्मा द्वारा संचालित ओयो होटल 'रायल गेस्ट हाउस व होटल' तथा ओयो होटल 'प्लाजा' को सील कर दिया गया। साथ ही ब्रहमपाल यादव ने राकेश मार्ग स्थित भूखण्ड 269/7 (400 वर्ग गज क्षेत्रफल) में अवैध रुप से पूर्व निर्मित आंतरिक दीवारों को तोड़कर व्यवसायिक उपयोग के लिए बनाए जा रहे हॉलनुमा स्ट्रक्चर को स्थल पर सील किया गया।

सीलिंग की कार्यवाही के समय प्रवर्तन जोन-4 के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, समस्त सुपरवाईजर तथा प्राधिकरण पुलिस दस्ता उपस्थित रहा।आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किए जाने का अभियान जारी रहेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मधु, पत्नी कुलदीप, पता: डीडीए फ्लैट नंबर 21, सी10 जीआर, बवाना, नरेला, दिल्ली** ने **FIR No. 00095/2022, U/s 379/420/120, B/411/34 IPC, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मधु** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मधु** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन दिल्ली** की अभियुक्त **मधु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.04.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मनुज कौशल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04 (केंद्रीय)
कमरा नंबर 37
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2857/RLY/2025

## प्रतिदिन कराएं शहर से कूड़े का उठान

### स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत अधिकारियों को सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



नगर निगम फरीदाबाद को देश भर के स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग मिले उसी दिशा में निगम फरीदाबाद ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए फरीदाबाद की स्वच्छता से संबंधित जानकारियां अधिकारियों ने उपलब्ध कराई।

कभी भी स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम फरीदाबाद का दौरा कर सकती है। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल ने निगम सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे सफाई व्यवस्था व कूड़ा उठान को लेकर फीडबैक लिया। साथ ही निर्देश दिए हैं कि शहर से कूड़ा उठाने वाले एजेंसियों पर ध्यान रखें ताकि हर रोज सेकेंडरी पॉइंट से कूड़ा उठता रहे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए समस्त तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण करते रहें।

उन्होंने कहा कि शहर में जगह जगह कराई गई पेंटिंग का लाभ मिलने लगा है। स्वच्छता से संबंधित स्लोगन दिखाई दे रहें और जनमानस स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहा है।

उन्होंने कहा की नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के माध्यम से अलग अलग जोन में सफाई के लिए अभियान लगातार चलाए जाएं। इसके अलावा शहर में बनाए गए सार्वजनिक शौचालय की सफाई करवाने के साथ सड़क किनारों दिखाई देने वाले सॉलिड वेस्ट को भी तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं।

सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग के लिए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। मौके पर जॉइंट कमिश्नर मुख्यालय गजेंद्र सिंह, एक्सईएन ओमदत्त, एक्सईएन पदम भूषण, जेई अंकित गोयल सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## भुपानी गौशाला में रहेंगे बेसहारा गोवंश, पहले चरण का काम पूरा

### 90 लाख रुपए से 5 एकड़ भूमि पर नगर निगम ने बनाई गौशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



शहर में बेसहारा गोवंश को रखने के लिए भुपानी में करीब 90 लाख रुपए की लागत से गौशाला का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया गया है। पांच एकड़ में बनकर तैयार हो रही इस गौशाला में लगभग 15 सौ गोवंश को पहुंचाया जाएगा। जिससे शहरवासियों को काफी राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशानिर्देशों पर निगम द्वारा यह गौशाला तैयार कराई गई है। जॉइंट कमिश्नर द्विजा ने जानकारी दी की शहर में आवारा घूमने वाले बेसहारा पशु उस गोशाला में ले जाए जाएंगे। इस गोशाला में पहले चरण में चारदीवारी, पीने के पानी और चारे खिलाने के लिए खोर इत्यादि का इंतेजाम कराया गया है।

जल्द ही गोशाला में चारे का प्रबंध कराया जाएगा और सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा गोवंश पशुओं को उसमे ले जाया जाएगा। जॉइंट कमिश्नर ने कहा की जानबूझ कर सड़क पर पशुओं को छोड़ने वाले लोगों की पहचान होने पर उनके ऊपर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया की गौशाला के दूसरे चरण के कार्य में शेड निर्माण का काम अभी बाकी है, लेकिन शहरवासियों को सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा गोवंश से ज्यादा परेशानी आती है इसलिए पहले पशुओं को गौशाला में भेजा जाना आवश्यक है ताकि सड़कों पर बेसहारा पशुओं से आने वाली समस्या से निजात मिल सके।

### 12वीं कक्षा के पेपर में फर्जी तरीक से परीक्षा देने वाले 2 गिरफ्तार, भेजा जेल



**फरीदाबाद।** 10 मार्च को 12वीं कक्षा के इतिहास का पेपर था। चेकिंग के दौरान स्कूल के सुपरिडेंट को दो बच्चो पर शक हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर बच्चो को चेक करने पर पता चला कि वे दोनों बच्चे फर्जी तरीके से पेपर दे रहे हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में मंजीत निवासी अरुआ चांदपुर बल्लबगढ़ व प्रशांत निवासी लडहौली फरीदाबाद के रहने वाले है। जिनसे पूछताछ में सामने आया कि मंजीत अपने भाई के स्थान पर तथा प्रशांत अपने दोस्त के स्थान पर परीक्षा देने आया था। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

**कार्यालय अपर पुलिस उपायुक्त - II**
**उत्तर – पश्चिम जिला, अशोक विहार, दिल्ली**
फोन नं.: 011-27454825, ई–मेल आईडी: soadcp2nwd@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वाहनों को उत्तर – पश्चिम जिला, दिल्ली के पुलिस स्टेशनों द्वारा धारा 66 दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 के तहत जब्त कर लिया गया है। अब, पुलिस आयुक्त, दिल्ली द्वारा पीएचक्यू संख्या 583/विज्ञापन (पीआरओ)/पीएचक्यू दिनांक नई दिल्ली दि० 05.03.2025 द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और जैसा कि दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 की धारा 67(1) के तहत परिकल्पित है, के अनुसार निम्न हस्ताक्षरकर्ता संलग्न सूची के अनुसार 48 वाहनों की उद्घोषणा जारी करते हैं। जिस किसी भी व्यक्ति का इन पर दावा हो सकता है, उसे अपने स्वामित्व के प्रमाण में सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ संबंधित माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना होगा और इस उद्घोषणा की तारीख से छह महीने के भीतर अपना दावा स्थापित करना होगा। उपरोक्त वाहनों को इस उद्घोषणा के माध्यम से आम जनता की जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है।

**डी.पी. अधिनियम, 1978 की धारा 66 के अंतर्गत जब्त लावारिस वाहनों की सूची**

| क्र. सं. | पुलिस थाना | डीडी नंबर | तारीख | पंजीकरण संख्या | इंजन नं. | चेसिस नं. | मेक | मॉडल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुभाष प्लेस | 41B | 31/08/18 | DL11SQ0950 | 58465 | 4757 | ROYAL ENFIELD | BULLET |
| 2 | सुभाष प्लेस | 44A | 06/10/18 | DL11SV1854 | 18965 | 30010 | HERO | SPLENDOR+ |
| 3 | सुभाष प्लेस | 9A | 21/10/18 | DL10SR2534 | 4413 | 28179 | HONDA | AVIATOR |
| 4 | सुभाष प्लेस | 110A | 21/03/19 | DL6SAK1464 | 29917 | 29153 | BAJAJ | PULSAR |
| 5 | सुभाष प्लेस | 44A | 20/03/19 | DL5SBX5301 | 41153 | 40262 | HERO | SPLENDOR+ |
| 6 | सुभाष प्लेस | 123A | 21/03/19 | HR10R8815 | 711 | 565 | HERO | SPLENDOR+ |
| 7 | सुभाष प्लेस | 48A | 27/04/19 | DL4SBT5206 | 79814 | 49169 | BAJAJ | DISCOVER |
| 8 | सुभाष प्लेस | 28A | 04/05/19 | DL4SBX3142 | 44217 | 24592 | TVS | STAR CITY |
| 9 | सुभाष प्लेस | 79A | 07/05/19 | DL7SBF4783 | 55284 | 32767 | HONDA | SHINE |
| 10 | सुभाष प्लेस | 17A | 13/06/19 | DL7SCG8929 | 2211 | 1782 | TVS | NTORQ |
| 11 | सुभाष प्लेस | 74A | 03/08/19 | DL11S6793 | 58024 | 47306 | HONDA | ACTIVA |
| 12 | सुभाष प्लेस | 65A | 10/08/19 | DL5SW5663 | 10158 | 78248 | BAJAJ | PULSAR |
| 13 | सुभाष प्लेस | 67A | 21/10/19 | DL4SBQ5165 | 46134 | 90750 | HONDA | AVIATOR |
| 14 | सुभाष प्लेस | 79A | 17/01/20 | DL8SAK5510 | 23232 | 90317 | BAJAJ | PULSAR |
| 15 | सुभाष प्लेस | 33A | 21/01/20 | DL1SAD1734 | 7771 | 33985 | TVS | BS4 |
| 16 | सुभाष प्लेस | 51A | 12/05/20 | DL8SCA0147 | 14340 | 68592 | HONDA | ACTIVA |
| 17 | सुभाष प्लेस | 18A | 08/06/20 | DL1SX5245 | 72239 | 49816 | HERO | PASSION PRO |
| 18 | सुभाष प्लेस | 34A | 11/07/20 | DL6SAK6331 | 80130 | 83969 | BAJAJ | PULSAR |
| 19 | सुभाष प्लेस | 86A | 12/07/20 | DL12SG5562 | 47621 | 47486 | HERO | ACTIVA 3G |
| 20 | सुभाष प्लेस | 39A | 15/07/20 | DL8SAV3381 | 76486 | 26491 | HONDA | TWISTER |
| 21 | सुभाष प्लेस | 103A | 02/03/21 | DL4SAW4523 | 21024 | 56743 | BAJAJ | CITY100 |
| 22 | सुभाष प्लेस | 99A | 04/03/21 | DL8SBQ0109 | 32268 | 32204 | YAMAHA | FZ |
| 23 | सुभाष प्लेस | 93A | 10/03/21 | DL7SBQ0651 | 7134 | 12212 | HERO | PASSION PRO |
| 24 | सुभाष प्लेस | 95A | 12/03/21 | DL4SCG4375 | 6905 | 7792 | HERO HONDA | SCOOTY |
| 25 | सुभाष प्लेस | 85A | 16/03/21 | DL8SAP3561 | 11032 | 47142 | TVS | STAR SPORT |
| 26 | सुभाष प्लेस | 85A | 16/03/21 | DL7SBC3863 | 93336 | 18298 | BAJAJ | PLATINA |
| 27 | सुभाष प्लेस | 38A | 17/03/21 | DL4SBH2884 | 31703 | 15872 | BAJAJ | PLATINA |
| 28 | सुभाष प्लेस | 99A | 07/07/20 | DL1RW8269 | 69549 | 56540 | BAJAJ | COMPACT |
| 29 | महिन्द्रा पार्क | 57B | 26/09/17 | DL 4 SBM 7521 | 1036 | 877 | HONDA | CBZ |
| 30 | महिन्द्रा पार्क | 92B | 17/04/18 | DL 4 SBG 1648 | 02193 | 2193 | HONDA | CBZ |
| 31 | महिन्द्रा पार्क | 48B | 12/08/18 | DL 10 SA 468 | 2745 | 93034 | BAJAJ | DISCOVER |
| 32 | महिन्द्रा पार्क | 69B | 13/08/18 | HR 26 QY 5683 | 07019 | 05760 | HONDA | ACTIVA |
| 33 | महिन्द्रा पार्क | 55A | 07/05/19 | DL 5 SAW 9585 | 45529 | 93973 | TVS | VIKRANT |
| 34 | महिन्द्रा पार्क | 74 A | 03/07/20 | DL 8 10 SS 9574 | 52790 | 71066 | HONDA | ACTIVA |
| 35 | महिन्द्रा पार्क | 45 A | 23/08/20 | DL 4 SCQ 5192 | 31821 | 31344 | HONDA | ACTIVA 4G |
| 36 | महिन्द्रा पार्क | 37 A | 27/09/20 | DL 7 SBA 0296 | 27078 | 20499 | BAJAJ | DISCOVER |
| 37 | महिन्द्रा पार्क | 09A | 01/01/21 | HR 26 Y 2133 | 92918 | 92958 | BAJAJ | DISCOVER |
| 38 | महिन्द्रा पार्क | 71 A | 21/02/21 | DL 9 SAF 1441 | 3155 | 23379 | HERO | PASSION PRO |
| 39 | महिन्द्रा पार्क | 5-A | 27/02/21 | DL 9 SU 5661 | 2907 | 2863 | BAJAJ | PLATINA |
| 40 | महिन्द्रा पार्क | 51 A | 02/03/21 | DL 11 SH 6764 | 29912 | 29495 | HONDA | ACTIVA |
| 41 | महिन्द्रा पार्क | 45 A | 03/03/21 | DL 10 SE 5199 | 6612 | 225 | BAJAJ | DISCOVER |
| 42 | महिन्द्रा पार्क | 52 A | 04/03/21 | DL 6 SAB 1125 | 14706 | 14547 | BAJAJ | PULSAR 200 |
| 43 | महिन्द्रा पार्क | 57 A | 05/03/21 | DL 7 SBA 4546 | 62600 | 23110 | BAJAJ | PULSAR 150 |
| 44 | जहांगीर पुरी | 40A | 18/07/23 | DL10SJ 3688 | 18284 | 9312 | HONDA | - |
| 45 | जहांगीर पुरी | 133A | 17/01/23 | DL8BX 9846 | 16646 | 16792 | HONDA | ACTIVA |
| 46 | जहांगीर पुरी | 111A | 14/01/23 | DL1SZ 0510 | 36578 | 65432 | HERO | SPLENDER |
| 47 | मॉडल टाउन | 13A | 18/12/24 | DL10SC2322 | 58067 | 82453 | BAJAJ | DISCOVER |
| 48 | मुखर्जी नगर | 91A | 19/12/24 | DL4SCZ9609 | 31301 | 77786 | TVS | JUPITER |

हस्ता./-
अपर पुलिस उपायुक्त–II
उत्तर – पश्चिम जिला, दिल्ली

DP/9767/NW/2025

## पेज एक का शेष

### केंद्र सरकार ने...

कि तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाएंगे। पीएम मित्र पार्क वस्त्र उद्योग की एकीकृत मूल्य श्रृंखला बनाने का अवसर प्रदान करेंगे, जिसमें कताई, बुनाई, प्रोसेसिंग, प्रिंटिंग से लेकर परिधान निर्माण तक की पूरी प्रक्रिया शामिल होगी। यह 5 एफ विजन – फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन, और फैशन से फॉरेन के दृष्टिकोण पर आधारित होगा। पीएम मित्र पार्क कताई, बुनाई, प्रसंस्करण, मुद्रण, परिधान और सहायक उपकरण विनिर्माण सहित वस्त्र मूल्य श्रृंखला के सभी तत्वों में 3 लाख (प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष) रोजगार पैदा करेगा।

### भारत के प्रयासों के बाद...

नौकरी के लिए कोई भी आवेदन करने से पहले विदेशों में मौजूद भारतीय मिशन की मदद से संबंधित एजेंट, कंपनी के बारे में विस्तृत रूप से जांच-पड़ताल करने की पुनः अपील की जाती रही है।

### मॉरीशस में प्रधानमंत्री...

बाद होटल पहुंचने पर वहां पहले से बड़ी तादाद में अपने हाथों में तिरंगा लिए खड़े भारतीयों ने मोदी-मोदी और भारत की जय के नारों के साथ पीएम का स्वागत किया। उन्होंने सभी से हाथ मिलाकर सभी का धन्यवाद दिया। एक अन्य एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने हिंदी में मॉरीशस में मिले स्वागत का जिक्र करते हुए लिखा, मॉरीशस में मिले अविस्मरणीय स्वागत से बहुत अभिभूत हूं। यहां की संस्कृति में भारतीयता किस तरह रची-बसी है। उसकी पूरी झलक गीत गवई में देखने को मिली। हमारी भोजपुरी भाषा मॉरीशस में जिस तरह से फल-फूल रही है। वह हर किसी को गौरवांवित करने वाली है। उधर, विदेश मंत्रालय ने पीएम की यात्रा को लेकर एक्स पर पोस्ट के साथ-साथ एक बयान जारी कर यह तमाम जानकारी साझा की।

**राष्ट्रपति धर्मबीर के साथ हुई बैठक:** मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखल के साथ प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय बैठक हुई। एक्स पर पीएम ने बताया कि बैठक में मैंने मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में आमंत्रित करने के लिए राष्ट्रपति गोखल का आभार व्यक्त किया। हमारी चर्चा में विभिन्न क्षेत्रों में आपसी संबंधों को और अधिक बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की गई। पीएम ने मॉरीशस के राष्ट्रपति के साथ हुई मुलाकात को अच्छा बताते हुए कहा कि वह भारत और भारतीय संस्कृति से बहुत अच्छी तरह से परिचित हैं।

**पीएम मोदी को मिलेगा मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान:** उधर, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशियन' से सम्मानित करने की घोषणा की है। मॉरीशस की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान दोनों देशों के संबंधों को मजबूती प्रदान करने में दिए गए उनके सराहनीय योगदान के लिए दिया जाएगा। वह इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री पांचवें विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें मॉरीशस के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जाएगा।

**संबंधों में होगी नए अध्याय की शुरुआत:** प्रधानमंत्री ने बीते सोमवार देर रात मॉरीशस की यात्रा पर रवाना होते हुए दिए अपने बयान में कहा था कि इससे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। समुद्री सीमा के बेहद निकट बसे हुए मॉरीशस के साथ भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। दोनों एक दूसरे पर भरोसा करते हैं, लोकतंत्र में आस्था रखते हैं। विविधता ही हमारी शक्ति है।

### कांग्रेस का पीएम...

अलका ने कहा कि दिल्ली पुलिस के जवान मुझसे लगातार सवाल कर रहे थे कि वो मीडिया से क्या बात करने जा रही हैं? उन्होंने सवाल उठाये ऐसा आखिर किसके इशारे पर किया जा रहा है? क्यों किया जा रहा है? ये कैसा लोकतंत्र है? अलका लांबा ने कहा कि भाजपा के पूर्व सांसद प्रज्जवल रेवन्ना बलात्कार के आरोप में जेल की सलाखों के पीछे हैं। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस सालभर बीत जाने के बाद भी पूछताछ करने की हिम्मत नहीं दिखा रही हे। उनके खिलाफ पदक विजेता पहलवान जंतर मंतर पर धरने पर बैठे। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद एफआईआर दर्ज होती है, उसके बाद भी मामला सिफर। गुजरात के विधायक द्वारा दलित महिला के बालात्कार का मामला उठाते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि वहां भी हाईकोर्ट की फटकार के बाद एफआईआर दर्ज की जाती है। उन्होंने कहा गुजरात की दलित बेटी हो या फिर हरियाणा की बेटियां या फिर कर्नाटक की बेटियां महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा को जवाब देना चाहिए।

### यूएस के साथ 'ट्रेड...

का पक्ष समिति के सामने रखा।

**भारत हम पर भारी टैरिफ लगाता है:ट्रंप:** बीते शुक्रवार को ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा था कि भारत हम पर भारी टैरिफ लगाता है, बहुत ज्यादा। आप भारत में कुछ भी बेच नहीं सकते। आप जानते हैं, हम वहां बहुत कम व्यापार करते हैं। वैसे, उन्होंने अब सहमति जता दी है। वे अब अपने टैरिफ को काफी कम करना चाहते हैं क्योंकि कोई उन्हें बेनकाब कर रहा है। ट्रंप के इस बयान को लेकर तब भारत में कोई रिएक्शन नहीं दिया था। अब बर्थवाल ने स्थाई समिति के सदस्यों को बताया है कि इस मामले में अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत फ्री ट्रेड के पक्ष में है और वह उदारीकरण भी चाहता है क्योंकि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा। बर्थवाल ने यह भी बताया कि टैरिफ वार से किसी को भी किसी तरह का कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इससे न तो अमेरिका को फायदा होगा और ना किसी और को बल्कि इससे तो मंदी भी आ सकती है।

**इस मामले में तुलना किया जाना ठीक नहीं :** समिति के सदस्यों की ओर से जब उनसे यह पूछा गया कि भारत टैरिफ के खिलाफ अपनी आवाज क्यों नहीं उठा रहा है जबकि कनाडा और मैक्सिको ने ऐसा किया है तो बर्थवाल ने कहा कि इस मामले में तुलना किया जाना ठीक नहीं है क्योंकि उन देशों के अमेरिका के साथ सुरक्षा और बॉर्डर इमिग्रेशन से जुड़े कुछ मुद्दे हैं। कमेटी के लोगों को यह भी बताया कि भारत 'म्युचुअली बेनिफिशियल एग्रीमेंट' पर दस्तखत करेगा। उन्होंने बताया कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए जो भी इंडस्ट्री जरूरी है उसकी हिफाजत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विकासशील देश हर चीज पर अपना टैरिफ कम नहीं कर सकते।

### तमिलनाडु के बाद ...

2022, 2023 और 2024 में कुल करीब छह बार राज्य के प्रमुख सचिव को संबोधित करते हुए एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए पत्र भेजा जा चुका है। इसमें सितंबर 2022, फरवरी 2023, मार्च 2023, और अक्टूबर 2023 में यह पत्र भेजा गया। जबकि इसके अगले वर्ष फरवरी और मार्च 2024 में भी केंद्र ने राज्य को पत्र भेजकर पीएम श्री योजना को लागू करने के लिए कहा था। यहां बता दें कि पीएम श्री स्कूल में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़े सभी अहम बिंदुओं का ध्यान रखा जाएगा। इसमें पढ़ने वाले छात्र बेहतरीन शिक्षा के साथ ही व्यापक स्तर पर 21वीं सदी के लिए जरूरी कौशल से भी युक्त होंगे। पूर्व में पीएम श्री स्कूल और तीन भाषा नीति को लेकर केंद्र और तमिलनाडु में संसद के अंदर और बाहर काफी टकराव देखने को मिला था।

**छात्रों के साथ होता विश्वासघात: मजूमदार:** मंत्रालय में पश्चिम-बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले एक अन्य शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने उक्त विषय पर एक्स पोस्ट में राज्य सरकार के खिलाफ निशाना साधते हुए कहा कि बंगाल के छात्रों के साथ एक असफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की शिक्षा विरोधी और छात्र विरोधी सरकार की वजह से चौंकाने वाला विश्वासघात हो रहा है। राज्य सरकार जानबूझकर केंद्र की इस योजना से छात्रों को वंचित कर रही है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय द्वारा कई बार याद दिलाने के बाद ममता सरकार ने पीएम श्री योजना को लेकर एक भी एमओयू करने से इंकार कर दिया है।

**युवाओं के भविष्य से खेलना बंद करो:** सुकांत मजूमदार ने अपनी पोस्ट में प्रदेश सरकार पर यह आरोप लगाया कि वो बंगाल के छात्रों के लिए आधुनिक शिक्षा, उन्नत शिक्षण पद्धति और बेहतर बुनियादी ढांचे को क्यों रोक रही है? यह वंचना की राजनीति क्यों? बंगाल के युवा बेहतर के हकदार हैं। उनके भविष्य से खेलना बंद करो।

### पानी की किल्लत...

शाखाओं की साफ-सफाई एवं जल आपूर्ति की समस्या बड़ी समस्या बन गई है। उन्होंने लिखा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिरसा में मुख्य भाखड़ा नहर से निकलने वाली शाखाओं के माध्यम से सिरसा एवं फतेहाबाद जिलों को पेयजल व सिंचाई जल उपलब्ध कराया जाता है। इन नहरों का प्रबंधन भाखड़ा-ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा किया जाता है। वर्तमान में, फतेहाबाद जिले के टोहाना में मुख्य भाखड़ा नहर से दो शाखाएं निकलती हैं। जो सिरसा एवं फतेहाबाद जिलों को जलापूर्ति करती है, और दूसरी जो हिसार जिले को जल प्रदान करती है। किंतु हाल ही में सिरसा और फतेहाबाद को अपेक्षित मात्रा में जल प्राप्त नहीं हो रहा है, जिससे पेयजल व सिंचाई के लिए जल संकट उत्पन्न हो गया है। आगामी ग्रीष्म ऋतु में यह समस्या और विकट हो सकती है। इसके अतिरिक्त भाखड़ा नहर व इसमें से निकलने वाली नहरों की कई वर्षों से समुचित सफाई नहीं हुई है, जिससे इनकी जल वहन क्षमता प्रभावित हुई है। यदि इनकी सफाई करवाई जाए, तो जल प्रवाह में सुधार होगा और सिरसा-फतेहाबाद जिलों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप जल उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने पत्र में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से आग्रह किया है कि मेरा आपसे आग्रह है कि भाखड़ा नहर व सिरसा-फतेहाबाद शाखा नहरों की तत्काल सफाई करवाई जाए और जल आपूर्ति को संतुलित बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें ताकि आने वाले ग्रीष्म काल में लोगों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े।

### रूस-यूक्रेन युद्ध...

72 फीसदी के हथियार आयात के आंकड़े से काफी कम है। वहीं, इसी दौरान अमेरिका के बाद फ्रांस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक बनकर उभरा है। उसने कुल 65 देशों को अपने हथियार बेचे हैं। इसमें हालांकि सबसे ज्यादा भागीदारी अन्य यूरोपीय देशों की ही देखने को मिली है। फ्रांस ने ग्रीस और क्रोएशिया को लड़ाकू विमान दिए और यूक्रेन को रूस का मुकाबला करने के लिए हथियार प्रदान किए। कुल 35 देशों ने यूक्रेन को हथियार दिए हैं। भारत ने फ्रांस से 28 फीसदी और इजरायल से 34 फीसदी हथियारों का आयात किया है।

**शीर्ष 10 हथियार आयातकों की सूची से चीन बाहर:** रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया के शीर्ष 10 हथियार आयातक देशों में यूक्रेन, भारत, सऊदी अरब, कतर और पाकिस्तान शामिल हैं। जबकि यह पहला ऐसा मौका है, जब वर्ष 1990 से 1994 के बाद चीन शीर्ष दस हथियार आयातक देशों की सूची से बाहर हो गया है। भारत की तरफ से आत्मनिर्भरता और देश के अंदर बनाए गए हथियारों के निर्यात को लेकर दुनिया के कई देशों के साथ समझौते किए गए हैं। लेकिन 2020 से 2024 के दौरान वह विश्व के शीर्ष 25 प्रमुख हथियार निर्यातक देशों की सूची में स्थान नहीं बना पाया है। 10 बड़े हथियार आयातकों में 4 एशिया व आशिनिया से हैं। क्षेत्र के मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ताओं में अमेरिका की भागीदारी 37 फीसदी, रूस की 17 और चीन की 14 फीसदी भागीदारी देखने को मिली है।

**प्रमुख हथियार सप्लायरों में 162 देश:** 2020 से 2024 में प्रमुख हथियार सप्लायरों में 162 देश शामिल हैं। इसमें एशिया, ओशिनिया के देशों की भागीदारी 33 फीसदी, यूरोप के देशों की 28 फीसदी, मध्य पूर्व की 27 फीसदी, अमेरिका की 6.2 और अफ्रीका की 4.5 फीसदी है। 2015 से 2024 तक भारत की फ्रांस पर हथियारों की निर्भरता 11 फीसदी बढ़ी। जबकि इजरायल के मामले में इसमें 2 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। युद्ध के बीच एशिया के तीन देश भारत, चीन और पाकिस्तान यूक्रेन के सबसे बड़े हथियार आयातक थे। चीन को यूक्रेन ने 67 फीसदी, भारत को 15 फीसदी और पाकिस्तान को 5.3 फीसदी हथियार आयात किए। यह सभी देश यूक्रेन से बड़ी संख्या में गैस टरबाइन का आयात करते हैं। जो उनकी नौसेनाओं का मुख्य आपूर्तिकर्ता है।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी को दिया पहले स्मार्ट अस्पताल का तोहफा

# मरीजों को बेहद सस्ता इलाज मिलेगा गंभीर बीमारियों का निदान भी होगा

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को झांसी के पहले स्मार्ट सिटी अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने झांसी के लोगों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी**

एजेंसी ▶▶ झांसी

यूपी के झांसी जिले में सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पहले स्मार्ट अस्पताल का उद्घाटन किया। सीएम ने उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों पर बात करते हुए कहा कि पहले यूपी में शाम ढलते ही यातायात ठप हो जाता था, लड़कियां स्कूल जाने से डरती थीं, व्यापारी मजबूरी में पलायन कर रहे थे, किसान आत्महत्या कर रहे थे और युवा रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में जा रहे थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और इसी के साथ 'नए भारत का नया उत्तर प्रदेश' भी पूरी ताकत से आगे बढ़ रहा है। इस अस्पताल का निर्माण स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत हुआ है, जहां मरीजों को बेहद सस्ता इलाज मिलेगा। कैंसर, कार्डियक और अन्य गंभीर बीमारियों का इलाज केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर किया जाएगा। सीएम आदित्यनाथ ने कहा कि मैंने


### अस्पताल में जेनेरिक दवाएं मिलेंगी सस्ती



बाहर अगर सीटी स्कैन के लिए 1 हजार रुपए वसूले जाते हैं तो यहां सिर्फ 250 रुपए में ये जांच होगी। अगर किसी मरीज को बाहर एमआरआई करवाने के लिए 1200 रुपए देने पड़ते हैं तो यहां ये सुविधा 300 रुपए में मिलेगी। वहीं, ब्लड शुगर की जांच सिर्फ 18 रुपए में होगी, अल्ट्रासाउंड के लिए मात्र 150 रुपए चार्ज किए जाएंगे। जेनेरिक दवाएं 50 फीसदी तक सस्ती मिलेंगी।

### योजनाओं का मिलेगा लाभ

अस्पताल में कैंसर, कार्डियक जैसी बीमारियों का इलाज केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित की गई दरों पर किया जाएगा। वहीं, यहां मरीज आयुष्मान कार्ड और दूसरी सुविधाओं का लाभ भी ले सकेंगे। गौरतलब है कि झांसी में धरोहरों को संरक्षित करने के लिए स्मार्ट सिटी योजना चल रही है, जिसके तहत इनक्यूबेशन सेंटरों का निर्माण करवाया जा रहा है। शहर के रानी महल और परकोटे की दरवाजों के सुंदरीकरण का काम भी पूरा हो चुका है।






# प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।

लाइफ Style



# अदा
## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी' में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी' का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला





# रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



# परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

## टीवी मसाला

# बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और



रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी। जूता चुराई की रस्म फीकी रहेगी और ईशानी-परी बिना तंग किए सीधे ही प्रेम को जूते लौटा देंगे। वह कहेंगे कि हमें आपसे पैसे नहीं बस यह वादा चाहिए कि आप हमारी बहन को हमेशा खुश रखेंगे। लेकिन वसुंधरा कोठारी उन्हें नोटों की गड्डी देकर कहेगी कि यह तुम्हारा हक है।

## देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतों बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है।



# भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज
## एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज :*** *यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र :*** *छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला*



*दीवाना' में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*

***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा' :*** *फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना :*** *धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

# 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर



*मुंबई। विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

## 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

# बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गईं। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता

बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की



एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।

### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर

दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर' के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।



### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े

सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादो 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।



### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

मुख्यमंत्री ने बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा

# माधव, कूनो और घड़ियाल अभयारण्य से खुलेंगे चंबल क्षेत्र में विकास के नए दरवाजे: डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी में नवनिर्मित माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ किया। यह मध्यप्रदेश का 9वां और देश का 58वां नेशनल टाइगर रिजर्व है। उन्होंने पुनर्स्थापन प्रक्रिया से यहां लाई गई एक बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा। डॉ यादव ने कहा कि आज का दिन चंबल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। माधव टाइगर रिजर्व में बाघों का पुनर्स्थापन हो रहा है। वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से राज्य को 9वें नेशनल टाइगर रिजर्व की अभूतपूर्व सौगात मिली है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना। डॉ यादव ने टाइगर रिजर्व के प्रतीक चिन्ह (लोगो) के विमोचन के साथ बाउन्ड्री वॉल का लोकार्पण भी किया।

- शिवपुरी में 9वें माधव टाइगर रिजर्व का हुआ शुभारंभ
- माधव राव सिंधिया की जयंती पर प्रदेश को नई सौगात



## वन्य जीवों और मनुष्य के सह-अस्तित्व का अद्भुत नजारा



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश में वन संपदा है और वन्य जीव बड़ी संख्या में हैं। चंबल क्षेत्र के कूनो में चीता, चंबल नदी में घड़ियाल और अब माधव नेशनल पार्क में बाघ पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। चंबल में वन्य जीव और मनुष्य मिलकर सह-अस्तित्व के भाव से अपनी-अपनी जिंदगी जी रहे हैं। यह अद्भुत नजारा केवल चंबल में देखने को मिलता है। राज्य सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटन बढ़ेगा, रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खुलेंगे।

## अब चंबल में भी सुनाई देगी बाघ की दहाड़

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भारत और विश्व में सबसे ज्यादा टाइगर मध्यप्रदेश की भूमि पर पाए जाते हैं। मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। बाघों के विचरण के लिए सिर्फ चंबल क्षेत्र ही शेष था। यह कमी भी आज पूरी हो गई है। यहां भी अब बाघ की दहाड़ सुनाई देगी। स्व माधवराव सिंधिया की जयंती पर इस बाघ आरक्षित क्षेत्र का लोकार्पण राज्य के समग्र विकास के लिए बढ़ते कदम हैं। डॉ यादव चंबल ने प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन के मामले में अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि माधव टाइगर रिजर्व नया इतिहास लिखेगा।

### अपनी नई पहचान बनाएगा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि चंबल क्षेत्र अब बाघों के पुनर्वास से अपनी नई पहचान बनाएगा। यहां पहले से भालू, तेंदुआ, हिरण, चिंकारा, भेड़िया, सियार, साही, अजगर और गिद्ध जैसे वन्य प्राणियों का बसेरा है। डॉ यादव ने वन्य प्राणियों के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि नए टाइगर रिजर्व के विकास कार्यों में दूसरे जीवों के सह-अस्तित्व का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## वन्यजीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुईं: सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि माधव टाइगर रिजर्व, पन्ना टाइगर रिजर्व के बाद मप्र का तीसरा पुनर्जीवित किया गया नेशनल पार्क है। इससे चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर कूनो नेशनल पार्क में देश में विलुप्त हो चुके चीता को फिर से बसाया गया है। उन्होंने 10 मार्च 2023 को माधव नेशनल पार्क में पूर्व में 3 बाघ छोड़े थे। आज एक बाघिन को छोड़ा गया है। अब कूनो और माधव टाइगर रिजर्व का संयुक्त क्षेत्र 3 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक हो जाएगा। सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ मिलकर माधव टाइगर रिजर्व के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### सिंधिया की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधव राव सिंधिया की 80वीं जयंती पर सोमवार को सिंधिया परिवार के छत्री परिसर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्व. सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भजन संध्या में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेन्द्र सिंह तोमर व वीडी शर्मा ने भी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### भाजपा कार्यालय में भी अर्पित की पुष्पांजलि

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने प्रदेश कार्यालय में स्व. सिंधिया की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### समर्पित भाव से कार्यरत है सीआईएसएफ: सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कर्तव्य निर्वहन के लिए सीआईएसएफ के सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों की राष्ट्रभक्ति को नमन किया। डॉ. यादव ने कहा कि दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डों एवं प्रमुख इमारतों की सुरक्षा प्रदान करने वाला बल संरक्षण और सुरक्षा के ध्येय वाक्य के साथ राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित भाव से निरंतर कार्यरत है।

# विपक्ष टिप्पणी से पहले पूर्व के तथ्यों पर नजर भी डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने विपक्ष के विधानसभा के बजट सत्र की समयावधि बढ़ाने के मुद्दे पर तीखा कमेंट किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष आम नहीं, पेड़ गिन रहा है। उन्होंने विपक्षी मित्रों से आग्रह किया कि पूर्वानुमान लगाकर बजट सत्र की समय सीमा पर टिप्पणी करने से पहले, पूर्व के तथ्यों पर नजर भी नजर डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि तथ्यों को देखने के बाद ही विपक्ष को आरोप लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट सत्र वर्ष 2022 में 8 बैठकें संपन्न हुई, जिसमें 21 घंटे 52 मिनट सत्र चला। बजट सत्र वर्ष 2024 में 5 बैठकें संपन्न हुई, जिसमें 28 घंटे 03 मिनट सत्र चला। वर्तमान बजट सत्र वर्ष 2025, 10 से 24 मार्च का होगा, जिसमें 9 दिन सदन की कार्यवाही चलेगी और सत्र के घंटों का नया आयाम विपक्ष के सहयोग से बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पक्ष और विपक्ष विधानसभा के पटल पर दो हाथों के समान है, जिनके सामंजस्य के बगैर ताली नहीं बज सकती। मध्यप्रदेश की जनता से विपक्ष में बैठने का जो कर्ज कांग्रेस ने लिया है उसे उतारते हुए बजट और जनहितैषी मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा कर सृजनात्मक भूमिका का निर्वहन करें। विधानसभा की कार्यवाही को विघटित करने से बेहतर है कि बाबा साहेब के संविधान के अनुरूप सदन में गरिमामयी और सार्थक योगदान दें।

## दिव्यांग युवकों ने पहली बार देखी विधानसभा की कार्यवाही, मुख्यमंत्री से भी की मुलाकात

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** सिरोंज-लटेरी विधानसभा के विधायक उमाकांत शर्मा सोमवार को विधानसभा के पहले दिन अपनी विधानसभा के दिव्यांग युवकों को अपने साथ विधानसभा की कार्यवाही दिखाने ले गए। दिव्यांग युवकों ने पहली बार विधानसभा को अंदर से देखा। अपने आप को विधानसभा में पहुंचा देख दिव्यांगों के चेहरे पर एक तरफ खुशी झलक रही थी तो वहीं दूसरी और मन में भावनाओं का ज्वार उमड़ रहा था। दिव्यांग युवकों की खुशी तब और अधिक बढ़ गई जब अपने विधायक की मौजूदगी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रत्यक्ष रूप से भेंट करने का अवसर मिला। इनमें आनंदपुर निवासी 22 वर्षीय दिव्यांग शिवराज बघेल ने कहा कि आज पहली बार विधानसभा देखी, मैंने टीवी और मोबाईल के माध्यम से विधानसभा देखी, लेकिन आज सचमुच में आकर देखी है। जावती के दिव्यांग युवक वीरेंद्र कुशवाह कहते हैं कि मैं जन्म से दिव्यांग हूं आज मैं प्रसन्न हूं कि मुझे यह अवसर मिला। सामाजिक कार्यकर्ता, जन चेतना मंच के धर्मेंद्र पाटीदार कहते हैं कि ऐसा पहली बार देखने को मिला है कि किसी विधायक जनप्रतिनिधि ने दिव्यांगों को विधानसभा देखने का अवसर प्रदान किया है।

# डिस्ट्रीब्यूटर देते थे फर्जी सिम कार्ड जांजगीर-चांपा में 2 आरोपी पकड़ाए

**जांजगीर-चांपा (हरिभूमि न्यूज)।** जांजगीर चांपा में फर्जी सिम कार्ड जारी करने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जिओ कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर सौरभ पालीवाल और कर्मचारी ओंकार धीवर शामिल हैं। इस मामले में अब तक कुल 5 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय रायपुर से मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई। जांच में पता चला कि तीन मोबाइल दुकानों से फर्जी सिम कार्ड जारी किए गए थे। इस मामले में पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

### आरोपी ऐसे करते थे फर्जी सिम कार्ड जारी

पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। फर्जी सिम कार्ड जारी करने का तरीका भी सामने आया है। आरोपी पहले ग्राहक का ई-केवाईसी और डी-केवाईसी के जरिए आधार कार्ड लेते और फोटो खींचते थे। सिम कार्ड जारी करने के बाद आधार कार्ड की फोटोकॉपी रख लेते थे। फिर इसी फोटो का इस्तेमाल कर ग्राहक की जानकारी के बिना दूसरा नंबर भी जारी कर देते थे। दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# लड़की को एनेस्थिसिया का इंजेक्शन लगाया, कोमा में गई फिर हुई मौत

**बिलासपुर (हरिभूमि न्यूज)।** बिलासपुर के यूनिटी हॉस्पिटल में इलाज में लापरवाही के चलते नर्सिंग छात्रा की मौत हो गई। उसके गले की थायराइड गांठ का ऑपरेशन होना था। सर्जरी से पहले उसे एनेस्थेसिया दी गई, जिसके बाद वो कोमा में चली गई। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने न सिर्फ इलाज में लापरवाही बरती बल्कि, परिजन को सच्चाई बताने की जगह 2 दिन तक गुमराह करते रहे। इस दौरान किसी को मरीज से मिलने तक नहीं दिया गया। आखिरकार, जब छात्रा की मौत हो गई, तब परिजनों को जानकारी दी गई। इससे गुस्साए परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। साथ ही पुलिस से भी शिकायत कर दी। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।



रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

**होली त्यौहार–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाडी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाणा जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी और बोरीवली स्टेशन। |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन। |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदह जं., लक्खीसराय जं., किउल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. और सुल्तानगंज स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जं. स्टेशन। |
| 04072 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन |
| 04076 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन और सीवान जंक्शन स्टेशन। |
| 04074 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. और फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| **दिनांक 13.03.2025 (बृहस्पतिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन और मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन स्टेशन। |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जंक्शन, गोरखपुर और नरकटियागंज जंक्शन स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन। |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर , जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. और मानसी जंक्शन स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जं. स्टेशन। |
| 04078 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन |
| 04084 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं स्टेशन |
| 04014 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन और मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया और फोर्बसगंज स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन, दिघवा दुबौली, मशरख और छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैंडेल स्टेशन। |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, शंकरगढ़, मानिकपुर जंक्शन, सतना, मैहर और कटनी स्टेशन। |
| 04080 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. और फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 08761 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 13:50 | मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जंक्शन, पेंड्रा रोड, उसलापुर और रायपुर जंक्शन स्टेशन। |
| **दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा, गोविंदपुरी और फ़तेहपुर स्टेशन। |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन। |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. और बापूधाम मोतिहारी स्टेशन। |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी जं., औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन। |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जंक्शन और हाजीपुर जंक्शन स्टेशन। |
| 07708 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जंक्शन, रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर महाराष्ट्र, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचेरियल रामागुंडम और काजीपेट जं. स्टेशन. |
| 02982 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, बयाना जंक्शन, हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी और सवाई माधोपुर स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## चिंतन

# वो दिन दूर नहीं जब पाक का एक और बंटवारा होगा

बहुत पुरानी कहावत है, जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, वह खुद उसमें गिरता है। यही हाल पड़ोसी पाकिस्तान का हो रहा है। पाकिस्तानी हुकूमरान हरसंभव नापाक हरकत करते रहे कि किसी भी तरह से भारत को आतंकवाद की आग में झोंका जाए और वहां दहशत का माहौल बनाकर विश्व बिरादरी में भारत को बदनाम किया जाए, लेकिन हो गया है इसके बिल्कुल उलट। पाकिस्तानी सियासतदानों ने जिस आतंकवाद का भारत में दहशत फैलाने के लिए पोषण किया, उसे दूध पिलाया, आज वो उसे ही दहला रहा है। शायद ही कोई ऐसा दिन निकलता हो जब पाकिस्तान में बम धमाका न हो। हर रोज आतंकी वारदातें सामने आ रही हैं। मासूम नागरिक इसके शिकार हो रहे हैं। सिडनी स्थित इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की तरफ से जारी वैश्विक आतंकवाद सूचकांक रिपोर्ट 2025 में पाकिस्तान को दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित देश बताया गया। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। देशभर की कुल आतंकी घटनाओं में से 90 फीसदी इसी इलाके में हुई हैं। तहरीक-ए-तालिबान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया है। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं, जो 2023 के मुकाबले 91 प्रतिशत ज्यादा हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान में हालात क्या हो गए हैं। मंगलवार को तो इसके दो कदम आगे बढ़कर बलूचिस्तान को अलग देश बनाने के लिए हिंसक आंदोलन कर रहे बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक पैसेंजर ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया। क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर पेहरो कुनरी और गदलार के बीच भारी गोलीबारी की खबरें हैं, जिसमें 6 पाक सैनिकों की मौत हो गई है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने अपने एक बयान में कहा कि हमारे लड़ाकों ने माशकाफ, धादर और बोलान में इस ऑपरेशन को प्लान किया है। रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया गया है, जिसकी वजह से जाफर एक्सप्रेस को रुकना पड़ा। इसके बाद हमारे लड़ाकों ने इस ट्रेन पर कब्जा कर लिया और यात्रियों को बंधक बना लिया, जिसमें 500 यात्री सवार थे। हमने सिर्फ पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के कर्मियों को बंधक बनाया है। अगर हमारे खिलाफ कोई मिलिट्री ऑपरेशन करने की कोशिश की गई तो हम सभी बंधकों को मार देंगे। इस कत्ल-ए-आम की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना की होगी। असल में बलूच का आंदोलन नया नहीं है। यह आजादी के बाद से ही सुलगता रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने से चार दिन पहले बलूचिस्तान को एक स्वतंत्र देश घोषित किया गया था और 1947 में पाकिस्तान को एक अलग राष्ट्र के रूप में बनाया गया था। इससे भी अधिक विडंबना यह थी कि बलूचिस्तान के शासक खान के मामले की पैरवी करने वाले वकील मुहम्मद अली जिन्ना थे, लेकिन बलूचिस्तान केवल 227 दिनों तक ही स्वतंत्र राष्ट्र रह सका। बाद में उसे पाकिस्तान में मिला दिया गया। इसी को लेकर बलूची नाराज हैं और लगातार अलग देश की मांग करते रहे हैं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, जो इसके भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 44 फीसदी हिस्सा है। यह प्राकृतिक संसाधनों तेल, सोना, तांबा और अन्य खदानों से समृद्ध है। अगर ये सब ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान का बांग्लादेश के बाद एक और बंटवारा हो जाएगा।



## विमर्श

प्रो. महेश चंद गुप्ता

> विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्रोत है। प्रकृति की रक्षा करना केवल हमारा धर्म नहीं बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

# सनातन संस्कृति में पर्यावरण समस्या का हल

भारतीय सनातन संस्कृति और पर्यावरण के बीच युगों पुराना नाता है। एक सनातन संस्कृति ही है, जिसमें प्रकृति को केवल अस्तित्व का आधार ही नहीं बल्कि पूजनीय माना गया है। आधुनिक विज्ञान में जिस पर्यावरणीय संतुलन की वकालत की जाती है, उस संतुलन को सनानत परंपराओं में सदियों से साधा जा रहा है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक प्राकृतिक तत्व को दिव्य माना गया है। हमारे लिए सूर्य, जल, वायु और वनस्पति सब देवतुल्य हैं। जरूरत के समय पेड़ों को काटने से पहले उनकी अनुमति मांगने और तुलसी पत्र तोड़ते समय विनम्र भाव से क्षमा मांगने की विनम्रता केवल हमारी संस्कृति में ही है।

हम सूर्यास्त के बाद फूल-पत्तियां इसलिए नहीं तोड़ते क्योंकि तब वे विश्राम की अवस्था में होते हैं। न केवल भारत में बल्कि विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्रोत है। 64 फीसदी हिंदू 'रीवाइल्डिंग' यानी इको सिस्टम को नई जिंदगी देने में शामिल हैं। 78 फीसदी हिंदू अपनी आदतों में इसलिए बदलाव लाते हैं ताकि पर्यावरण को नुकसान कम हो। 44 प्रतिशत हिंदू पर्यावरणीय संगठनों से जुड़े हैं। अध्ययन में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई समुदायों के पर्यावरण संबंधी नजरिये और गतिविधियों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि ब्रिटेन के 82 फीसदी ईसाई धर्म को पर्यावरण सुरक्षा से जोड़ते हैं पर उनके सुरक्षा संबंधी काम सबसे कम हैं। अगर हिंदू पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय हैं तो इसका मुख्य कारण यह है कि हिंदू धर्म में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना निहित है जो संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार के रूप में देखने की शिक्षा देती है। यही भाव हममें प्रकृति के प्रति एकात्मता का भाव विकसित करता है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है, तब सनातन संस्कृति की यह सोच और व्यवहार मानवता के लिए एक प्रेरणा बन सकता है। यह अध्ययन पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन के खतरों के दृष्टिगत बहुत महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन से न सिर्फ सनातन संस्कृति और पर्यावरण के संबंधों का पता चलता है, वहीं यह बात भी साबित होती है कि दशकों पहले कामकाज के सिलसिले में विदेशों में बस गए हिंदू आज भी अपनी संस्कृति को आत्मसात किए हुए हैं। हिंदू सनातन धर्म में पर्यावरण केवल आध्यात्मिकता या पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है बल्कि यह संपूर्ण सृष्टि के प्रति एक गहरी जागरुकता और सम्मान की भावना से ओत-प्रोत है। हमारी संस्कृति में प्रकृति और जीव-जंतुओं को पूजनीय मानते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया गया है। इससे हिंदू धर्म में पर्यावरण संरक्षण केवल नैतिक दायित्व नहीं है बल्कि धार्मिक आस्था और दैनिक जीवन का अभिन्न अंग भी है। सनातन धर्म में यह मान्यता है कि संपूर्ण सृष्टि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश पंचतत्वों से बनी है। इन पंचतत्वों को संतुलित रखना जीवन का मूल



उद्देश्य है। इसी कारण पर्यावरण की शुद्धता और संतुलन बनाए रखना हिंदू दर्शन का प्रमुख भाग है। सनातन संस्कृति में पग-पग पर पर्यावरण संरक्षण के उपाय किए गए हैं। नदियों को देवी मानकर पूजने के पीछे गंगा, यमुना, नर्मदा, कृष्णा आदि तमाम नदियों की पवित्रता को बनाए रखने की मंशा ही तो है।

हवन और यज्ञ में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का उपयोग करने के पीछे पर्यावरण को शुद्ध करने की भावना निहित है। हमारे पुरखों ने योग और प्राणायाम के जरिए शुद्ध वायु का महत्व कितने वैज्ञानिक ढंग से समझाया है। पेड़ों और वनस्पतियों को देवतुल्य मानकर उनकी पूजा के पीछे उनके संरक्षण की भावना ही तो है। सदियों पहले जिस तुलसी को मां लक्ष्मी का स्वरूप मानकर हर घर में लगाने की परंपरा शुरू की, उसके औषधीय गुणों को आज वैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। हमारे यहां प्राचीन काल में ही ऋषि-मुनि आश्रमों में वन लगाने को प्राथमिकता दी गई और आज भी मंदिरों और आश्रमों में पौधरोपण को पवित्र कार्य के रूप में करके उसका अनुसरण किया जा रहा है। हमारे देश में पर्यावरण संरक्षण हमारी शिक्षा पद्धति का प्राचीन काल से ही भाग रहा है। हमारे ऋषि-मुनि पर्यावरण शुद्ध रखने के लिए हवन-यज्ञ करते थे। इससे वातावरण को साफ एवं समय पर वर्षा में मदद मिलती थी। मौजूदा समय में तो प्राचीन परंपराओं का अनुसरण करने की ज्यादा जरूरत हैं क्योंकि नदियों का जल कम एवं प्रदूषित हो रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और विश्व के कई तटीय शहरों के डूब जाने का अंदेशा है।

प्राचीन गुरुकुलों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया जाता था तो मौजूदा दौर में भी कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण पर शोध एवं अध्ययन, अधिकाधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण अनुकूलता के लिए स्वच्छ वातावरण को प्राथमिकता दी जा रही है। हमारी मान्यता है कि शुद्ध एवं साफ वातावरण में लक्ष्मी का वास होता है और इससे समृद्धि आती है, हमारे इस विचार को विदेशों में अपनाया गया है। विभिन्न देशों में विश्वविद्यालयों के लंबे-चौड़े, खुले परिसर एवं वहां सघन हरियाली इसका प्रमाण है। सनातन संस्कृति में जैव विविधता को बनाए रखने के लिए जहां गाय को माता का दर्जा दिया गया है, वहीं नाग पंचमी पर सांपों की पूजा कर उनके महत्व को भी स्वीकारा गया है। गंगा दशहरा और कार्तिक स्नान जैसे त्योहारों के माध्यम से जल शुद्धता बनाए रखने का संदेश दिया गया है। अद्र्धकुंभ, कुंभ और महाकुंभ में नदियों की सफाई और उनकी महत्ता पर बल दिया गया है। आज समूची दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और पारिस्थितिक असंतुलन की समस्याओं से जूझ रही है। इन समस्याओं का समाधान भारतीय सनातन संस्कृति में खोजा जा सकता है। हमारी महान परंपराएं समूची दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शक बन सकती हैं। हिंदू धर्म में पुराने कपड़ों और सामान का पुनः उपयोग करने की परंपरा रीसाइक्लिंग और अपशिष्ट प्रबंधन का प्राचीन रूप नहीं तो क्या है। हमारे यहां शाकाहार को बढ़ावा इसलिए दिया गया क्योंकि हमारे पूर्वज जानते थे कि शाकाहार को बढ़ावा देने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है और पर्यावरणीय संतुलन बना रहता है। हिंदू सनातन धर्म और पर्यावरण संरक्षण की भावना परस्पर गहराई से जुड़े हुए हैं। यह जुड़ाव केवल धार्मिक नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है बल्कि एक संपूर्ण जीवन शैली है जो प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन, सम्मान और संरक्षण को प्राथमिकता देती है। अगर आज पूरी दुनिया इन सिद्धांतों को अपना ले तो न सिर्फ पर्यावरण संकट को कम किया जा सकता है बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से भी निपटा जा सकता है। प्रकृति की रक्षा करना केवल हमारा धर्म नहीं बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

(लेखक प्रख्यात शिक्षाविद्, वक्ता व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## नो स्मोकिंग डे

योगेश कुमार गोयल



# धूम्रपान मुक्त जीवन ही है स्वस्थ भविष्य की गारंटी

प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'धूम्रपान निषेध दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को मनाया जा रहा है। इस दिन का उद्देश्य निकोटीन के आदी लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करना है। यह समाज पर धूम्रपान के दुष्परिणामों को उजागर करने और जीवन के स्वस्थ तरीकों तथा धूम्रपान मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने का दिन है। पहली बार धूम्रपान निषेध दिवस 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। तब यह मार्च महीने के पहले बुधवार को मनाया जाता था लेकिन समय के साथ यह मार्च के दूसरे बुधवार को मनाया जाने लगा। उसके बाद से यूके सहित कई देशों में यह एक वार्षिक कार्यक्रम की भांति मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'इस नो स्मोकिंग डे पर अपनी जिंदगी वापस लें' विषय के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय हमें यह याद दिलाता है कि धूम्रपान छोड़कर हम न केवल अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के साथ अधिक गुणवत्तापूर्ण समय भी बिता सकते हैं। धूम्रपान छोड़ने से हृदय रोग, कैंसर और सांस की बीमारियों का खतरा कम होता है। यह आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है क्योंकि धूम्रपान पर खर्च होने वाले पैसे की बचत की जा सकती है। कई अध्ययनों में यह तथ्य सामने आ चुका है कि सिगरेट तथा अन्य धूम्रपान उत्पादों में मौजूद रसायन प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जान ले लेते हैं। दरअसल सिगरेट के धुएं में ऐसे रसायन होते हैं, जो धूम्रपान के दौरान और बाद में शरीर पर घातक प्रभाव डालते हैं। तंबाकू के सेवन से दुनियाभर में हर साल 80 लाख से ज्यादा मौतें होती हैं। निकोटीन विकासशील मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा सकता है। व्यस्कों के मुकाबले बच्चों के बहुत जल्दी आदी हो जाने की भी संभावना है। धूम्रपान करने वाले बच्चों में निकोटीन अवसाद और चिंता से भी जुड़ा है। सार्वजनिक स्थलों के अलावा बंद कमरे में धूम्रपान करना तो धूम्रपान न करने वालों के लिए भी बेहद खतरनाक सिद्ध होता है, जिसके सबसे बड़े शिकार प्रायः घरों में बच्चे ही होते हैं।

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि जिन बच्चों के माता-पिता बीड़ी-सिगरेट के आदी होते हैं, उन बच्चों में निमोनिया, ब्रोंकाइटिस जैसी सांस, गले और छाती की बीमारियां होना एक आम बात है। बच्चों में धूम्रपान के संपर्क में आने से श्वसन संक्रमण, कान में संक्रमण और अस्थमा का दौरा पड़ सकता है। जहां तक तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा की बात है तो यह इसलिए बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि बच्चों का मन-मस्तिष्क बहुत कोमल होता है और तंबाकू उद्योग बच्चों को लक्षित करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करता है। ऐसे ही तरीकों में तंबाकू उद्योग आकर्षक विज्ञापनों और मार्केटिंग अभियानों का सहारा लेता है, जिनके जरिये बच्चों को तंबाकू उत्पादों को आकर्षक और वांछनीय लगने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है। सोशल मीडिया के जरिये भी तंबाकू कंपनियां बच्चों के साथ जुड़ने और उन्हें तंबाकू उत्पादों के बारे में जानकारी देने का प्रयास करती हैं। धूम्रपान करने से बच्चों को अनेक प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य संवर्धन विभाग के निदेशक डा. रूडिगर क्रेच कहते हैं कि वे इस बात से आश्चर्यचकित हैं कि तंबाकू उद्योग अनगिनत जिंदगियों की क़ीमत पर मुनाफ़ा कमाने के लिए इस हद तक जाएगा। उनके मुताबिक जैसे ही किसी देश की सरकार को लगता है कि उसने तंबाकू के खिलाफ लड़ाई जीत ली है, तंबाकू उद्योग स्वास्थ्य नीतियों में हेरफेर करने और अपने घातक उत्पादों को बेचने के अवसर को अपनी पकड़ में ले लेता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि दुनियाभर में तंबाकू उद्योग के बढ़ते हस्तक्षेप से स्वास्थ्य नीति को बचाने के प्रयास लड़खड़ा गए हैं, इसीलिए उसने ऐसे में विभिन्न देशों से कार्रवाई तेज़ करने का आह्वान किया है। चूंकि धूम्रपान करने से बच्चों में इसकी लत लगने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, जो उनके जीवन को कई प्रकार से नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है, इसीलिए तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किया जाना समय की बहुत बड़ी मांग है। इसके लिए जरूरी यह भी है कि बच्चों तथा उनके माता-पिता को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप और तंबाकू उत्पादों के खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं और तंबाकू उत्पादों के उपयोग से संबंधित कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज




संकलित

## दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

# अपने बल पर न करे घमंड न दूसरों को कमजोर समझे



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### होली का त्योहार सामूहिक उमंग और उत्साह का प्रतीक

त्योहार और पर्वो की संस्कृति का देश है भारत। इसमें हर दिन कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है। ये त्योहार मानव-समाज की उमंगों एवं आशाओं के प्रतीक हैं। मनुष्य सहज ही आशावादी होता है, आशा ही उसे प्रसन्न और कार्यशील रखती हैं। इसलिए आशाओं को जीवित और प्रचण्ड रखने के लिए वह पर्व, त्योहार आदि उत्सव मनाता रहता है। त्योहारों में मानव जाति को संस्कार और विचार देने की एक अन्तरधारा छिपी रहती है। जैसे गंगा-यमुना के प्रवाह के भीतर सरस्वती का प्रवाह छिपा है। वैसे ही हमारे देश में हर त्योहार व पर्व के भीतर एक आदर्श समाज की कल्पना और भावना, मानव जाति के पारस्परिक प्रेम, समानता, हर्ष-उल्लास का संस्कार और आदर्शों की कल्पना इन पर्वों के पीछे छिपी है। – *कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### मॉरीशस में स्वागत




मॉरीशस में अविस्मरणीय स्वागत से बहुत अभिभूत हूं। यहां की संस्कृति में भारतीयता किस तरह रची-बसी है, उसकी पूरी झलक 'गीत-गवई' में देखने को मिली। हमारी भोजपुरी भाषा मॉरीशस में जिस तरह से फल-फूल रही है, वह हर किसी को गौरवान्वित करने वाली है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अस्पताल का लोकार्पण



उत्तम चिकित्सा सुविधाओं तक हर नागरिक की सुगम और सुलभ पहुंच की सुनिश्चितता हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। आज झांसी में 200 बेड के अस्पताल का लोकार्पण किया। 'स्वस्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना की सिद्धि में नया उत्तर प्रदेश सतत गतिशील है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### जनप्रतिनिधि का कर्तव्य



जन भावनाओं को सुनना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का काम भी करता है। दिल्लीवासियों की हर शंका का समाधान करना मेरी जिम्मेदारी है।
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### सभी धर्मों का सम्मान



इस समय रमज़ान चल रहे हैं और होली का भी त्योहार आ रहा है। इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

## करंट अफेयर


# अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं: भारत



भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि उसने तालिबान शासन के साथ द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की है और लोगों से लोगों के 'विशेष' संबंध देश के भारत के मौजूदा जुड़ाव का 'आधार' रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने सोमवार को अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा बैठक में कहा कि इस साल की शुरुआत में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दुबई में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की थी। हरीश ने परिषद में कहा, 'दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अफगान पक्ष ने अफगानिस्तान के लोगों के साथ जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।' उन्होंने कहा, 'यह निर्णय लिया गया कि भारत, अफगानिस्तान में जारी मानवीय सहायता कार्यक्रमों के अलावा निकट भविष्य में विकास परियोजनाओं में शामिल होने पर विचार करेगा।' मिस्री और मुत्ताकी के बीच जनवरी में हुई बैठक, 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से भारत और तालिबान के बीच अब तक का सबसे उच्च स्तरीय संपर्क था।

## ऑफ बीट

# बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

लोकसभा में भिड़े वित्त मंत्री सीतारमण और गौरव गोगोई

# विपक्ष ने मणिपुर को नजरअंदाज का आरोप लगाया तो सत्तापक्ष ने उनको जमकर सुनाया

## अतिरिक्त अनुदान मांगों और मणिपुर के बजट पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में मंगलवार को वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच, 2021-22 के लिए अतिरिक्त अनुदानों की मांगों और मणिपुर के बजट पर चर्चा हुई। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा कि आज पूरी सरकार सिर्फ सुर्खियों को नियंत्रित करने पर जोर दे रही है। वह भाषणों पर अधिक निर्भर है। सरकार वास्तविक स्थिति पर ध्यान नहीं दे रही।

उन्होंने कहा कि 2023 में सदन में अविश्वास प्रस्ताव के जवाब में पीएम नरेंद्र मोदी ने मणिपुर में जल्द शांति लाने का आश्वासन दिया था लेकिन वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है। कांग्रेस ने मणिपुर में अशांति का जिक्र करते हुए वास्तविक स्थिति को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। भाजपा ने मणिपुर को सड़क और रेल संपर्क से जोड़ने का श्रेय पीएम मोदी की सरकार को दिया।

### गोगोई बोले- शांति बहाली नाकाम, सीतारमण ने कहा- गोगोई माफी मांगें




*विपक्ष के वार पर सत्तापक्ष का बड़ा प्रहार*

**इस पर बरसीं सीतारमण, स्पीकर ने किया हस्तक्षेप**

*गोगोई के इस वॉर पर निर्मला सीतारमण खड़ी हुईं और कांग्रेस नेता पर बरस पड़ीं। उन्होंने कहा कि पीएम का अपमान करने के लिए गोगोई को माफी मांगनी चाहिए। जिसके बाद हंगामा और जोरदार हो गया। जिसकी वजह से स्पीकर को हस्तक्षेप करते हुए कहना पड़ा कि सदन नियमों के मुताबिक चलेगा।*

कांग्रेस नेता गोगोई ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर में बंदूक के बल पर शांति बहाल करने की कोशिश नाकाम रही है। उन्होंने पीएम मोदी से राज्य का दौरा करने और वहां के लोगों की चिंताओं और आशंकाओं को सुनने की अपील की। लोकसभामें अतिरिक्त अनुदान मांगों, अधिशेष अनुदान और मणिपुर के बजटपर चर्चा की शुरुआत करते हुए गोगोई ने जोर देकर कहा कि पूर्वोत्तर में शांति केवल राजनीतिक समाधान से ही आ सकती है, बंदूक की नली से नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि मणिपुर का बजट राज्य विधानसभा में चर्चा के लिए आना चाहिए था, लेकिन राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के कारण ऐसा नहीं हो सका।

### हम ठीक से ठोकेंगे, नड्डा ने कहा- ये माफी के लायक नहीं

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का एक बयान चर्चा में आ चुका है। जब लगातार चेयर की तरफ से उन्हें बोलने से रोका गया, खड़गे ने गुस्से में कह दिया कि क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे। सरकार को ठोकेंगे। खरगे ने आरोप लगाया कि तानाशाही चल रही है, लेकिन खरगे का 'कहना मंत्री जेपी नड्डा को नागवार गुजरा। उन्होंने राज्यसभा में मुद्दे को उठाया और खरगे से माफी मांगने के लिए कहा। नड्डा ने सख्त लहजे में बोला कि ये तो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उनकी भाषा निंदनीय है इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।



# पात्र किसानों के नाम जोड़ने के लिए 15 अप्रैल से चौथा अभियान शुरू किया जाएगा: चौहान

## पीएम किसान सम्मान निधि पर चौहान ने लोकसभा में कहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोक सभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि हेतुपात्र किसानों के नाम जोड़ने के लिए हमने तीन अभियान चलाएं हैं, चौथा अभियान हम 15 अप्रैल से पुनः प्रारंभ करेंगे, ताकि कोई पात्र किसान शेष न रहें। हर पात्र किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिले, इसके लिए हम राज्य सरकारों के साथ मिलकर अभियान चलाते हैं। विकसित भारत अभियान के दौरान एक करोड़ पात्र किसान हितग्राहियों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र किसान को पीएम किसान निधि योजना का लाभ मिलें, इसके लिए हमने कई उपाय किए हैं। हमने पीएम किसान पोर्टल और मोबाइल एप विकसित किया है।



चौहान ने पीएम किसान स्कीम के संबंध में कहा कि कोई पात्र हितग्राही अगर रह गया हो तो हम राज्य सरकारों से आग्रह करते हैं कि वो पोर्टल में अपडेट करें। आवेदन ऑनलाइन कॉमन सर्विस सेंटर से उनका अपलोड कर दें, उनके नाम निश्चित तौर पर जोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी तमिलनाडु के पास, मेरी जानकारी के अनुसार ऐसे लगभग 14000 किसान हैं, तमिलनाडु सरकार छानबीन करके भेज दे, तो इन सभी के नाम जोड़ दिए जाएंगे, यहां दिल्ली से एक दिन की देरी भी नहीं होगी, यह मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं। चौहान ने कहा कि अगर वो चाहें तो पात्र किसानों का नाम जोड़ने के लिए तमिलनाडु में हम एक और विशेष अभियान चला सकते हैं।

द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) और भाजपा के बीच वार-पलटवार के बीच चौहान ने बड़ा दावा किया है। शिवराज ने संसद में कहा कि मैं खुद दो बार तमिलनाडु गया हूं, एक बार कृषि विभाग के काम से और एक बार ग्रामीण विकास के काम से। अब मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं लेकिन दोनों ही मौकों पर न तो ग्रामीण विकास मंत्री और न ही कृषि मंत्री मेरी बैठक में आए। मैं अनुरोध करना चाहूंगा कि केंद्र सरकार लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कई बार जब छोटे किसान को अपनी कृषि संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए धन की जरूरत पड़ती थी, तो उनके पास पैसा नहीं होता था। खाद-बीज के लिए हजार-दो हजार रुपये भी ब्याज पर लेना पड़ता था। प्रधानमंत्री मोदी ने छोटे किसानों के इस दर्द को पहचाना और उन्होंने तय किया कि ऐसे सभी किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत हर साल तीन किस्तों में दो-दो हजार रुपए डाले जाएंगे। अभी पिछले दिनों ही 24 फरवरी को इस योजना के 6 वर्ष पूरे हुए और बिहार के भागलपुर से लगभग 9.80 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 22 हजार करोड़ से ज्यादा राशि दी गई है। पीएम मोदी की सरकार हर साल 3 किस्तों में 6000 रुपए सीधे किसानों के खाते में भेजती है जिसमें कोई गड़बड़ नहीं कर सकता।

अवैध अप्रवास रोकने का लक्ष्य

# 7 साल कैद और 10 लाख जुर्माना समेत कई प्रावधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घुसपैठ और अवैध अप्रवास रोकने के मकसद से लोकसभा में मंगलवार को अप्रवासन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया गया। अमित शाह की तरफ से गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि किसी को देश में आने से रोकने के लिए यह बिल नहीं लाया गया है बल्कि इस बिल का मकसद है कि जो भी विदेशी भारत आएं वे यहां के नियमों का पालन करके ही आएं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और टीएमसी के सौगत राय ने बिल का विरोध किया। इस विधेयक का मकसद इमिग्रेशन नियमों को मजूबत करना है, जिसमें 7 साल की सजा, 10 लाख जुर्माना का प्रावधान है।




लॉरेंस से लेता था ऑटोमेटिक हथियार

# रांची ले जा रही थी पुलिस, रास्ते में गाड़ी पलटी, जवाबी फायरिंग में डॉन अमन 'ढेर'

एजेंसी ▶▶ रांची

क्राइम की दुनिया में मुकाम बनाने की चाह ने अमन साहू को अपराध की उस दौड़ में शामिल कर दिया था, जहां सभी जानते हैं, अंजाम सिर्फ मौत होती है। हत्या, रंगदारी, अपहरण और लूटपाट को अंजाम देने वाला ये डॉन मंगलवार को एनकाउंटर में मारा गया।

अमन साहू का लॉरेंस विश्नोई दोस्ती वाला कनेक्शन था। वह लॉरेंस को गुर्गों की सप्लाई करता था और बदले में लेता था नए-नए ऑटोमेटिक हथियार। अमन साहू का एनकाउंटर झारखंड के पलामू में हुआ। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा था कि झारखंड में अधिकतर अपराध की साजिशें जेलों के अंदर रची जाती हैं और आपराधिक गिरोह की मदद से उसे अंजाम दिया जाता है। साहू को झारखंड पुलिस छत्तीसगढ़ के रायपुर जेल से रिमांड पर रांची ला रही थी। पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई और वह एसटीएफ से इंसास छीनकर भागने लगा। उसने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में अमन को कई गोलियां लगी।



# छग कांग्रेस में बदलाव की आहट के बीच बैज और मरकाम ने की शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बड़े बदलाव की आहट है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के दो दिनों के दिल्ली प्रवास में शीर्ष नेताओं से भेंट मुलाकात यूं ही अचानक इक्तफ़ाक़ नहीं। बात, मुलाकात की भनक किसी को न लगे इसके लिए बैज ने कमरा तो बुक कराया छत्तीसगढ़ भवन में, लेकिन ठौर बनाया कहीं और। उन्हें संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल ने बुलाया था। वेणुगोपाल और प्रभारी सचिन पायलट से लंबी लंबी मुलाकात के बाद अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनकी मीटिंग हुई। जाहिर है जब मीटिंग वन टू वन अकेले में हो तो खबरें छन कर ही आती हैं। सूत्रों ने तहकीकात कर जानकारी दी कि आलाकमान दीपक बैज को प्रतिष्ठा पूर्ण तरीके से एड्जस्ट कर छत्तीसगढ़ के लिए नए प्रदेश अध्यक्ष को जिम्मेदारी देना चाहता है। जाहिर है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को एआईसीसी का महासचिव बनाने के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को पीसीसी की जिम्मेदारी देने पर विचार हुआ था। जैसे ही खबर बाहर आई सूत्रों ने बताया कि राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया और अमरजीत भगत ने दिल्ली पहुंच कर नेतृत्व के समक्ष इस बात को रखा कि आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष को हटा कर राज घराने के सिंहदेव को कमान सौंपे जाने पर आदिवासी समाज में अच्छा मैसेज नहीं जाएगा। सूत्रों ने बताया कि बैज को अभी और समय देने के पक्ष में खुद भबघेल भी हैं। सूत्रों ने बताया इसी रीति नीति के तहत छत्तीसगढ़ को लेकर सीरियस विमर्श चल रहा है। पार्टी के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैज को अगर 'कंटिन्यू' करने पर अंतिम निर्णय होता है तो दो कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर भी विचार चल रहा है। सिंहदेव और मरकाम को क्या जिम्मेदारी दी जा सकती है इस पर भी मंथन चल रहा है। ज्यादा उम्मीद है कि मरकाम को एआईसीसी में किसी प्रकोष्ठ की कमान सौंपी जा सकती है। सिंहदेव को पीसीसी की कमान देकर आदिवासी और ओबीसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर विचार जारी है। बहरहाल, बैज और मोहन मरकाम रायपुर रवाना हो गए हैं।





### बैन एंड कंपनी और आईवीसीए ने जारी की रिपोर्ट

# उद्यम पूंजी कोषों का 2024 में भारतीय कंपनियों को वित्तपोषण 43 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के उद्यम पूंजी (वीसी) परिवेश ने 2024 में मजबूत वृद्धि प्रदर्शित की। इस दौरान उद्यम पूंजी कोषों का वित्तपोषण सालाना आधार पर 43 प्रतिशत बढ़कर 13.7 अरब डॉलर हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

- वित्त पोषण सालाना आधार पर बढ़कर 13.7 अरब डॉलर

बैन एंड कंपनी और आईवीसीए की रिपोर्ट कहती है कि उद्यम पूंजी कोषों के वित्तपोषण में आई यह तेजी सौदों की संख्या में 45 प्रतिशत की वृद्धि के कारण दर्ज हुई। वर्ष 2024 में भारतीय बाजार में कुल 1,270 सौदे हुए जिससे यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में उद्यम पूंजी और वृद्धि वित्तपोषण के लिहाज से दूसरा बड़ा बाजार साबित हुआ।

**खास बातें**

- तेजी सौदों की संख्या में 45 प्रतिशत की वृद्धि के कारण दर्ज हुई
- वर्ष 2024 में भारतीय बाजार में कुल 1,270 सौदे हुए




#### छोटे व मध्यम सौदे 1.4 गुना बढ़े

रिपोर्ट के मुताबिक, छोटे और मध्यम आकार के सौदे (पांच करोड़ डॉलर से कम) 1.4 गुना बढ़ गए और इनकी कुल सौदों में हिस्सेदारी करीब 95 प्रतिशत रही। वहीं पांच करोड़ डॉलर से अधिक मूल्य के सौदों की संख्या लगभग दोगुनी होकर कोविड महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंच गई। इसके साथ ही पिछले कैलेंडर वर्ष में भारतीय बाजार में 10 करोड़ डॉलर से अधिक आकार के बड़े सौदे भी 1.6 गुना बढ़ गए।

#### उपभोक्ता प्रौद्योगिकी से 5.4 अरब डॉलर का वित्त हासिल

*रिपोर्ट कहती है कि उपभोक्ता प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और जनरेटिव एआई समेत सॉफ्टवेयर सेवा और वित्तीय-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों ने कुल वित्तपोषण का 60 प्रतिशत से अधिक आकर्षित किया। इसमें उपभोक्ता प्रौद्योगिकी क्षेत्र 5.4 अरब डॉलर का वित्तपोषण हासिल कर सबसे आगे रहा।*

#### जेप्टो को मिला 1.4 अरब डॉलर का वित्तपोषण

*रिपोर्ट के मुताबिक, यह तीव्र वृद्धि त्वरित आपूर्ति, शिक्षा प्रौद्योगिकी और बी2सी कारोबार में महत्वपूर्ण निवेश से प्रेरित थी। इसमें जेप्टो (1.4 अरब डॉलर), मीशो (27.5 करोड़ डॉलर) और लेंसकार्ट (20 करोड़ डॉलर) जैसी कंपनियों को मिले वित्तपोषण की प्रमुख भूमिका रही।*

#### स्टार्टअप और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार

इसके अलावा सॉफ्टवेयर और जेनरेटिव एआई क्षेत्रों ने भी 1.7 अरब डॉलर जुटाकर वित्तपोषण की गति को बनाए रखा। रिपोर्ट कहती है कि बड़े यानी एंजल निवेशकों से लिए जाने वाले कर की व्यवस्था को खत्म करना, दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर कर की दरों को कम करना और विदेशी उद्यम पूंजी निवेशक पंजीकरण को आसान बनाने जैसी सरकारी पहल ने स्टार्टअप और निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल माहौल तैयार किया है।

#### नीतिगत सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया

भारतीय उद्यम और वैकल्पिक पूंजी संघ (आईवीसीए) के अध्यक्ष रजत टंडन ने कहा, '2024 में शुरू किए गए नीतिगत सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है, जिससे 2025 के लिए एक गतिशील माहौल तैयार हुआ है। हमें खासकर विकास-चरण के निवेश में सौदे बढ़ने की उम्मीद है।'

## सोने में तेजी लौटी, चांदी फिसली

### सोना बढ़कर 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सोने में तीन दिनों से जारी गिरावट मंगलवार को थम गई तथा मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत मजबूती के साथ 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

- चांदी में 350 रुपय गिरकर 98,900 रुपए किलो रही

राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 40 रुपये की तेजी के साथ 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो पहले 88,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 40 रुपये की तेजी के साथ 88,390 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये की गिरावट के साथ 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम रही। सोमवार को चांदी की कीमत 99,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजारों में अप्रैल डिलीवरी वाले कॉमेक्स सोना वायदा 19.30 डॉलर बढ़कर 2,918.70 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना 0.82 प्रतिशत बढ़कर 2,912.43 डॉलर प्रति औंस हो गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण (जिंस एवं मुद्रा) विभाग के उपाध्यक्ष, जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''डॉलर सूचकांक में कमजोरी और अमेरिका में शुल्क संबंधी बढ़ती चिंताओं के कारण आर्थिक अनिश्चितता के संकेत मिलने से सोने में तेजी आई।

## महाकुंभ में जियो की 5जी स्पीड एयरटेल से बेहतर

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े दूरसंचार ऑपरेटर रिलायंस जियो के 5जी नेटवर्क ने महाकुंभ मेले में शानदार प्रदर्शन किया। ऊकला द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक महाकुंभ में रिलायंस जियो की नेटवर्क स्पीड तो सबसे तेज थी ही, 5जी नेटवर्क की उपलब्धता में भी उसने अपनी प्रतिद्वंदी भारती एयरटेल को कहीं पीछे छोड़ दिया। ऊकला ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि महाकुंभ में 5जी नेटवर्क की स्पीड 4जी से करीब 9 गुना तेज रही। बताते चलें कि महाकुंभ मेला जनवरी की शुरुआत से फरवरी के अंत तक प्रयागराज में लगा था। 5जी नेटवर्क के प्रदर्शन में जियो सबसे आगे रहा, जियो की औसत डाउनलोड स्पीड 201.87 एमबीपीएस रही, उसके बाद एयरटेल 165.23 एमबीपीएस के साथ दूसरे नंबर पर रहा। महाकुंभ में रिलायंस जियो के 5जी नेटवर्क की औसत डाउनलोड स्पीड एयरटेल से करीब 36 एमबीपीएस अधिक रही।


## गिरावट से उबरकर सेंसेक्स निफ्टी लगभग स्थिर बंद

- आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने दूरी बनाई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए। खुदरा मुद्रास्फीति और अन्य आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखने को तरजीह दी।

घरेलू बाजार में इंडसइंड बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो (वायदा एवं विकल्प खंड में निवेश) में कुछ विसंगतियां को लेकर बैंक का शेयर 27 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि अमेरिका में नरमी की आशंका से वैश्विक बाजारों में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.85 अंक गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सेंसेक्स शुरू में कमजोर खुला और कारोबार के दौरान, एक



समय यह 451.57 अंक तक लुढ़का कर 73,633.60 अंक तक आ गया था। निफ्टी 37.60 अंक बढ़कर 22,497.90 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक नरमी की चिंताओं के बीच अमेरिका और अन्य एशियाई बाजारों में भारी बिकवाली के बावजूद, घरेलू बाजार में धीरे-धीरे सुधार के संकेत दिख रहे हैं।''

#### ये शेयर रहे नुकसान में

सेंसेक्स के तीस शेयरों में सर्वाधिक गिरावट इंडसइंड बैंक में आई। सेंसेक्स में शामिल अन्य शेयरों में इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में रहे।

#### इन शेयरों में लाभ दर्ज

दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मास्युटिकल्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, मारुति सुजुकी इंडिया, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन शामिल हैं।

## दूरसंचार ग्राहकों की संख्या दिसंबर में बढ़कर 119 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में टेलीफोन ग्राहकों की कुल संख्या दिसंबर, 2024 में मामूली रूप से बढ़कर 118.99 करोड़ हो गयी। इसमें जियो ने मोबाइल और फिक्स्ड लाइन दोनों क्षेत्रों में सबसे अधिक ग्राहक जोड़े। दूरसंचार नियामक ट्राई ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नवंबर में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 118.72 करोड़ थी।

- जियो मोबाइल व फिक्स्ड लाइन में सबसे आगे

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो इन्फोकॉम 47.66 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के साथ सबसे आगे रही। उसके बाद भारती एयरटेल (28.93 करोड़) और वोडाफोन आइडिया (12.64 करोड़) का स्थान था। शहरी टेलीफोन ग्राहक बढ़कर दिसंबर में 66.34 करोड़ हो गए, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 65.99 करोड़ था। इसी अवधि के दौरान ग्रामीण ग्राहक घटकर 52.66 करोड़ हो गये जो इससे पिछले महीने में 52.73 करोड़ थे। ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वायरलेस ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 में 0.17 प्रतिशत बढ़कर 115.07 करोड़ हो गयी जो इससे पिछले महीने नवंबर में 114.87 करोड़ थी। दिसंबर के अंत में वायरलेस टेलीघनत्व बढ़कर 81.67 प्रतिशत हो गया, जबकि नवंबर के अंत में यह 81.59 प्रतिशत था। आंकड़ों के अनुसार, रिलायंस जियो ने 39,06,123 वायरलेस ग्राहक जोड़े, जबकि भारती एयरटेल ने इस अवधि के दौरान 10,33,009 ग्राहकों को जोड़ा।



#### वायर लाइन ग्राहकों की संख्या बढ़ी

ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वायरलाइन ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 के अंत में बढ़कर 3.93 करोड़ हो गई, जो एक महीने पहले नवंबर, 2024 में 3.85 करोड़ थी। इससे देश में समग्र वायरलाइन टेली-घनत्व 2.73 प्रतिशत से बढ़कर 2.79 प्रतिशत हो गया।

## खादी कारीगरों की मजदूरी अप्रैल से 20 प्रतिशत बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि इस साल एक अप्रैल से खादी कारीगरों की मजदूरी 20 प्रतिशत बढ़ जाएगी।

- केवीआईसी के चेयरमैन ने दी जानकारी
- एक अप्रैल, 2025 से 2.50 रुपए तक बढ़ाया जाएगा

मौजूदा समय में, 'स्पिनर' को चरखे पर प्रति हांक कताई के लिए 12.50 रुपये मिलते हैं, जिसे एक अप्रैल, 2025 से 2.50 रुपये तक बढ़ाया जाएगा। बढ़ी हुई दर के अनुसार, उन्हें 15 रुपये प्रति हांक स्पून मिलेंगे। केवीआईसी के चेयरमैन ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। केवीआईसी ने चेयरमैन के हवाले से बयान में कहा, ''खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों की बिक्री पांच गुना होकर 31,000 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2023-24 में 1,55,000 करोड़ रुपये हो गई। खादी के कपड़ों की बिक्री छह गुना बढ़ गई यानी पहले के 1,081 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 6,496 करोड़ रुपये हो गई।''

बयान में कहा गया,, ''कुल मिलाकर, 10.17 लाख नए व्यक्तियों को वित्तव र्ष 2023-24 में रोजगार मिला।'' उन्होंने कहा, ''अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में उत्पादन और बिक्री का एक नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा।'' उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 10 साल के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी क्रांति ने कारीगरों के जीवन में व्यापक बदलाव किया है।



#### बुनकरों की आय में हुई वृद्धि

सरकार ने स्पिनरों और बुनकरों की आय में ऐतिहासिक वृद्धि की है। इससे पहले, 17 सितंबर, 2024 को, प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर, कारीगरों की मजदूरी में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

## उड़द का शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को एक और साल के लिए 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च के अंत तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'उड़द की मुक्त आयात नीति को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया गया है।' इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धि पत्र**
संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक **73/2024-2025** दिनांक **19-11-2024**
ii) निविदा संख्या **15245204 13/03/2025** को देय है।
1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में पात्रता मानदंड को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।
**773/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खाद्य तेल आयात फरवरी में आठ प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** इस साल फरवरी में भारत का खाद्य तेल आयात सालाना आधार पर आठ प्रतिशत घटकर 8,85,561 टन रहा है। उद्योग निकाय एसईए के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। फरवरी, 2024 में खाद्य तेलों का आयात 9,58,852 टन का हुआ था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी के दौरान वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य तेल) का आयात फरवरी, 2024 के 9,65,852 टन की तुलना में सात प्रतिशत घटकर 8,99,565 टन रह गया। इसमें 8,85,561 टन खाद्य तेल और 14,004 टन अखाद्य तेल शामिल हैं। एसईए ने मंगलवार को बयान में कहा, ''विशेष रूप से, यह मई, 2020 के बाद से सबसे कम मासिक आयात है।

**चिकित्सा**
बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
**हमराज़ क्लीनिक**
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## इंडसइंड बैंक के शेयर में आया भूचाल, 27% टूटा

एजेंसी : नई दिल्ली

इंडसइंड बैंक ने मंगलवार को लेखा विसंगति के कारण हुए 2,100 करोड़ रुपये के नुकसान के असर को कम करने की भरपूर कोशिश की और कहा कि उसके पास इस झटके से उबरने के लिए पर्याप्त पूंजी है। प्रबंधन के भरोसा दिलाने के बावजूद बैंक का शेयर 27 प्रतिशत टूट गया।

इंडसइंड बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक सुमंत कठपालिया ने कहा कि लेखा चूक के बारे में पिछले साल सितंबर-अक्टूबर के आसपास पता चला, और बैंक ने पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को इस बारे में बताया। इंडसइंड बैंक के डेरीवेटिव्स पोर्टफोलियो में नुकसान की बातें सामने आने के बाद ब्रोकरेज हाउसेज ने स्टॉक के टारगेट प्राइस को घटा दिया है। बीएसई सेंसेक्स 30 में शामिल इस स्टॉक के टागरेट प्राइस को नुवामा इंस्टीट्यूशल इक्विटीज ने घटाकर 750 रुपए कर दिया है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अलावा मॉर्गन स्टैनली ने भी टारगेट प्राइस घटा दिया है। बैंक को हुए नुकसान के अंतिम आंकड़े बाहरी एजेंसी की पड़ताल के बाद पता चलेंगे। बैंक ने बाहरी एजेंसी की नियुक्ति कर दी है, जो अपनी रिपोर्ट अप्रैल की शुरुआत में देगी। निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजारों के बताया कि उसने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों का पता लगाया है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | 03 वर्ष की सबस्क्रिप्शन/वारंटी अवधि सहित 1 अदद यूएफईडी 4 पीसी क्लाउड और फोरेंसिक वर्कस्टेशन की खरीद। | 11.03.2025 25.03.2025 | 68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 dthardware.hartron@gmail.com |
| 2 | हारट्रोन | आबकारी व कराधान की ओर से 845 अदद डेस्कटॉप कम्प्यूटर की खरीद। | 11.03.2025 25.03.2025 | 4.64 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 dthardware.hartron@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32726/I/88/7 दि. 11.03.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | दादरी निर्वाचन क्षेत्र जिला चरखी दादरी में गांव समसपुर से भागवी तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (आईडी-11467)। | बंद होने की तिथि 17.03.2025 | 90.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32731/I/88/7 दि. 11.03.25

## शब्द पहेली - 5804




**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -5803 का हल**





# आईपीएल के इतिहास में विराट ने पकड़े सबसे ज्यादा कैच, टॉप 10 में चार विदेशी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2025 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 22 मार्च से 18वें सीजन का आगाज होगा। इस बार कई टीमें बदली-बदली नजर आने वाली हैं, क्योंकि मेगा ऑक्शन के बाद प्लेयर इधर-उधर हुए हैं। 4-5 टीमों ने अपने कप्तान बदले हैं।

18वें सीजन में एक तरफ जहां चौके-छक्के दिखेंगे तो वहीं दूसरी तरफ फील्डिंग में भी कमाल दिखने वाला है। इन टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो कैच लपकने में कोई गलती नहीं करते.।आईपीएल के इतिहास में 10 ऐसे खिलाड़ी हुए हैं, जिन्होंने अपनी फील्डिंग से ना सिर्फ सबका दिल जीता बल्कि सबसे ज्यादा कैच पकड़ने की लिस्ट में जगह बनाई।



## लिस्ट में भारतीयों का जलवा

सबसे ज्यादा कैच लेने की लिस्ट में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा है। नंबर एक पर सबके चहेते विराट कोहली हैं, जिनके नाम अब तक 114 कैच हैं. दूसरे नंबर पर मिस्टर आईपीएल कहे जाने वाले सुरेश रैना का नाम है, जिन्होंने अपने करियर में 109 कैच लिए थे। आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी ...

### कोहली : 114 कैच

साल 2008 से 2024 तक विराट कोहली ने आईपीएल में 252 मैच खेले और 114 कैच लिए।

### रैना : 109 कैच

चेन्नई और गुजरात लायंस के लिए खेलने वाले सुरेश रैना ने 205 मैचों में 109 कैच लिए हैं।

### पोलार्ड : 103 कैच

वर्ष 2010 से 2022 तक आईपीएल में मुंबई के लिए खेलने वाले इस दिग्गज ने अपने करियर के 189 मैचों में 103 कैच लपके हैं।



### जडेजा ने किए 103 शिकार

आईपीएल में 4 टीमों के लिए खेल चुके रवींद्र जडेजा ने 240 मैचों में 103 कैच लिए हैं। वो आईपीएल 2025 में सीएसके का हिस्सा हैं।

### रोहित ने 101 को किया आउट

मुंबई इंडियंस के लिए अपनी कप्तानी में 5 खिताब दिलाने वाले रोहित ने 257 मैचों में 101 कैच लिए हैं. इस बार वो बतौर कप्तान नजर आएंगे।

### शिखर धवन 99 कैच

बाएं हाथ के इस स्टार बल्लेबाज ने 2008 से 2024 तक 222 मैचों में 99 कैच लिए. वो आईपीएल 2025 में नजर नहीं आएंगे.

**डिविलियर्स 90 को भेजा वापस**
आईपीएल में 2008 से 2021 तक आरसीबी के लिए खेलने वाले इस दिग्गज ने 184 मैचों में 90 कैच लिए थे।

**वॉर्नर 86, पांडे ने 83 कैच**
बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2009 से 2024 तक 184 मैच खेले, जिसमें 86 कैच लिए। आईपीएल 2025 में यह खिलाड़ी नजर नहीं आएगा।
मनीष पांडे- आईपीएल में 7 अलग-अलग टीमों से खेल चुके मनीष पांडे 171 मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 83 कैच लपके हैं।

**फाफ डु प्लेसिस के 81 कैच**
आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स समेत 3 टीमों के लिए खेल चुके फाफ ने 145 मैचों में 81 कैच लिए हैं।

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो ने अल नासर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से सऊदी अरब के अल नासर ने सोमवार को यहां ईरान के एस्टेघलाल को 3-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे लेकिन अभी तक रियाद के इस क्लब के लिए कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। वह पिछले सप्ताह अंतिम 16 के दौर के पहले चरण के मैच में गोल नहीं कर पाए थे। पहले चरण का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा था और इस तरह से अल नासर ने 3–0 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रोनाल्डो ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया।

### प्रणय ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर



**बर्मिंघम।** भारत के एचएस प्रणय पुरुष एकल के पहले दौर में मंगलवार को यहां फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त के साथ ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 32 वर्षीय प्रणय को दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी पोपोव के खिलाफ 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 29वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 6-1 की बढ़त बनाई थी। प्रणय एक समय 15-12 से आगे थे लेकिन पोवोव के दबाव के आगे पिछड़ गए। पोपोव ने 16-18 के स्कोर पर लगातार तीन अंक के साथ 19-18 की बढ़त बनाई और फिर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में पोपोव अधिक आत्मविश्वास में दिखे। उन्होंने 5-3 की बढ़त बनाई और फिर स्कोर 13-9 किया।

### बेंगलुरु ने लॉन्च की नई जर्सी, कप्तान पाटीदार ने कराया फोटोशूट



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए सभी टीमों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दरअसल, 22 मार्च से इस महा टूर्नामेंट की शुरुआत होगी, जिसे भारत में किसी त्योहार से कम नहीं माना जाता है। सभी टीमें इसके लिए जमकर तैयारी कर रही हैं। इसी कड़ी में टीमें अपनी नई जर्सी भी लॉन्च कर रही हैं। अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी अपनी नई जर्सी लॉन्च कर दी है। बता दें कि इस जर्सी को आरसीबी की वेबसाइट, पूमा की ऑफिशियल वेबसाइट और ऐप से खरीदा जा सकता है। हालांकि, अब तक टीम की ओर से इस जर्सी की कीमत जारी नहीं की गई है।

## भारतीय कुश्ती महासंघ पर 2023 में सरकार ने लगाया था प्रतिबंध

# भारतीय कुश्ती महासंघ से हटा निलंबन, अब हो सकेगा इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए टीम चयन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगाए गए निलंबन को हटा दिया है, जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए पहलवानों का चयन फिर से संभव हो सकेगा। अब तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इं

डिया और एडहॉक कमेटी महासंघ की प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाल रही थीं। खेल मंत्रालय ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। संजय सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई का चुनाव जीता था, लेकिन पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ गोंडा के नंदिनी नगर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए स्थल के चयन से सरकार नाराज थी। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं, इसलिए उसने निलंबन हटाने का फैसला किया है।



### महिला पहलवानों के विरोध से बढ़ा विवाद

इस पूरे विवाद की जड़ में महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के गंभीर आरोप थे। 16 जनवरी 2023: ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य महिला पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरना दिया। अप्रैल 2023: जब सरकार से ठोस कार्रवाई की उम्मीद नहीं दिखी, तो पहलवानों ने दोबारा प्रदर्शन किया। 21 अप्रैल 2023: दिल्ली पुलिस को संबोधित 6 महिला पहलवानों ने बृजभूषण सिंह और महासंघ के सचिव विनोद तोमर के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराईं, जिसमें 8-9 साल से चले आ रहे यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे।

### 15 महीने बाद हटा प्रतिबंध

2023 में भारतीय कुश्ती महासंघ पर प्रतिबंध लगाया गया था, जब नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के गृह क्षेत्र में राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप आयोजित करने की घोषणा की थी। इस फैसले के तुरंत बाद 24 दिसंबर 2023 को खेल मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया था।

### साक्षी ने लिया था संन्यास



22 दिसंबर 2023: बजरंग पूनिया ने महासंघ के चुनाव में संजय सिंह की जीत के विरोध में अपना पद्मश्री सम्मान वापस करने की घोषणा की। 21 दिसंबर 2023: साक्षी मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जूते मेज पर रखकर कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी।

### डब्ल्यूएफआई का फैसला खिलाड़ियों की जीत

भारतीय कुश्ती महासंघ से निलंबन हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का इस खेल संस्था के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज से पूर्व सांसद



बृजभूषण शरण सिंह ने स्वागत किया है। बृजभूषण ने कहा, "26 महीनों तक तमाम षड्यंत्र रचे गए, झूठे आरोप लगाए गए और भारतीय कुश्ती को ठप करने की कोशिशें हुईं लेकिन साजिश करने वाले अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। इस विवाद के चलते टीम दो विश्व रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकीं। प्रशिक्षण शिविर बंद हो गए और कुश्ती जगत को भारी नुकसान उठाना पड़ा।' साथ ही उन्होंने अध्यक्ष संजय सिंह और अन्य पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे खिलाड़ियों के हित में निष्पक्ष निर्णय लें और किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचें।

### मुझे पूर्ण विश्वास था निलंबन हटेगा : संजय सिंह

वाराणसी में महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि निलंबन खत्म होने पर अब कुश्ती



सुचारू रूप से चलेगी। उन्होंने कहा मैं देश और पहलवानों के हित के लिए काम कर रहा था, इसलिए मुझे पूर्ण विश्वास था कि कुश्ती संघ से निलंबन हटेगा। कुश्ती के खिलाड़ियों का ढाई साल से शिविर नहीं लग रहा था। निलंबन हटने के बाद खिलाड़ी शिविर में नई-नई तकनीक सीखेंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025

# नहीं मिला मौका, पानी पिलाते रहे ये खिलाड़ी, फिर भी मिला तमगा





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने दुबई के मैदान पर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम को 4 विकेट से मात देकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

वहीं, 3 ऐसे खिलाड़ी भी रहे जिन्हें पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। लेकिन खास बात यह है कि ये तीनों खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की सेवा में लगे रहे और जब जिसकी जो डिमांड हुई उसे पूरी की। इन सबके बावजूद बेंच पर बैठे-बैठे ही इन तीनों खिलाड़ियों के नाम एक उपलब्धि जुड़ गई वो ये कि ये खिलाड़ी भी चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम के सदस्य कहलाएंगे।

बीसीसीआई ने जब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया था, तब जसप्रीत बुमराह स्क्वाड का हिस्सा थे। हालांकि, बाद में चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा।

### स्पिनरों का दबदबा, सुंदर को नहीं मिली जगह

भारतीय टीम के स्क्वाड में पांच स्पिनर्स को शामिल किया गया था, जिसमें से वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने शानदार प्रदर्शन किया। उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के चलते वॉशिंगटन सुंदर को एक भी मैच में मौका नहीं मिला।

### ऋषभ पंत को नहीं मिला मौका

भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल को तरजीह दी। पहले ही मैच में उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की, जिसके बाद टीम मैनेजमेंट ने किसी बदलाव की जरूरत नहीं समझी। इसी वजह से ऋषभ पंत को पूरे टूर्नामेंट में बेंच पर बैठना पड़ा।

### अर्शदीप सिंह भी रहे बाहर

दुबई की पिचें तेज गेंदबाजों के अनुकूल नहीं थीं। शुरुआती मैचों के बाद हर्षित राणा को भी बाहर बैठना पड़ा, वहीं अर्शदीप सिंह को तो प्लेइंग इलेवन में जगह ही नहीं मिल पाई। भारत के लिए अनुभवी मोहम्मद शमी ने नई गेंद से जबरदस्त प्रदर्शन किया और जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस नहीं होने दी।

## आईसीसी रैंकिंग

# दीप्ति महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में पांचवें स्थान पर



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय की नवीनतम महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में पहुंच गई। भारत की 27 वर्षीय ऑलराउंडर दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर शीर्ष पर काबिज हैं। दीप्ति टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में तीसरे जबकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला के बाद दो स्थान के फायदे से ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।


न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट चटकाए थे। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। वह दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ : ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा डे-नाइट टेस्ट

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुरुष टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मार्च 2027 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पिंक गेंद से एकमात्र डे-नाइट टेस्ट मैच खेले जाने की घोषणा की है। यह मैच 11-15 मार्च तक खेला जाएगा। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1877 में इसी मैदान पर पहला टेस्ट मैच खेला गया था और 2027 में इसकी 150वीं वर्षगांव होगी।सीए ने कहा है कि यह मैच 1877 के पहले और 1977 में 100वीं वर्षगांठ पर खेले गए मैचों से अलग होगा, क्योंकि वो दोनों ही दिन में लाल गेंद से खेले गए थे और दोनों में ही ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीत दर्ज की थी। सीए ने कहा कि यह एमसीजी में पहला डे-नाइट पुरुष टेस्ट मैच होगा। इससे दर्शकों की उपस्थिति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### टॉप-10 बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में भारतीय पुरुष नहीं

**नई दिल्ली।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की मशहूर पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग के अनुसार पांच-पांच पायदान नीचे खिसक गई है जिससे विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग में भारतीय पुरुष खिलाड़ियों का कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं है। दुनिया के पूर्व छठे नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य इस सत्र में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद 15वें स्थान पर खिसक गए हैं। रैंकिंग में पूर्व नंबर एक सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी पिछले सप्ताह सातवें से 12वें स्थान पर खिसक गई है। एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी नवंबर 2021 के बाद पहली बार शीर्ष 10 से बाहर हुई है।




**महिलाओं ने भी नहीं दिखाया दमखम**
महिला एकल में दो ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी एक स्थान नीचे खिसक गईं और अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज हैं। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने भारत को शीर्ष 10 में शामिल रखा। यह जोड़ी विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर बनी हुई है। मिश्रित युगल में तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 19वीं हासिल की।

# राहुल ने ठुकराई डीसी की कप्तानी अक्षर पटेल को मिल सकती है कमान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है। आगामी सीजन में दिल्ली कैपिटल्स अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च को करेगी। हालांकि, टीम ने अब तक कप्तान की नियुक्ति नहीं की है। इस बीच खबर है कि केएल राहुल ने दिल्ली की कप्तानी को ठुकरा दिया है।

ऐसे में टीम के प्रमुख ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। ऐसी खबर है कि राहुल ने कप्तानी संभालने के बजाय खिलाड़ी के तौर पर योगदान देना बेहतर समझा। डीसी की टीम से जुड़े सूत्रों ने मंगलवार को कहा, अक्षर पटेल को आईपीएल 2025 के लिए



डीसी का कप्तान बनाए जाने की संभावना है। फ्रेंचाइजी ने राहुल को टीम का कप्तान बनाने के लिए कहा था, लेकिन वह आगामी टूर्नामेंट में खिलाड़ी के तौर पर खेलना चाहते हैं।

**अक्षर को दिल्ली ने किया था रिटेन**
आईपीएल 2024 में जब डीसी के कप्तान ऋषभ पंत को ओवर-रेट अपराध के लिए निलंबित किया गया था, तब अक्षर ने दिल्ली की कप्तानी की थी। वह अब आईपीएल 2025 के लिए पूर्णकालिक कप्तान के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं। वह 2019 से इसी फ्रैंचाइजी के साथ हैं और बड़ी नीलामी से पहले उन्हें 18 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर रिटेन किया गया था।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान की हुई किरकिरी

# टीम इंडिया के दिए जख्मों को कभी नहीं भूलेगा पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुरू से ही विवादों में घिरी रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान की ऐसी किरकिरी हुई कि जिसे वह जिंदगी भर नहीं भुला पाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने एक बार फिर से अपना दबदबा साबित किया और पाकिस्तान से छीनकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया।

दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया, जिससे पाकिस्तान के लिए तीन बड़े झटके सामने आए हैं जिनका दर्द शायद पाकिस्तान कभी नहीं भूल पाएगा।



### जले पर छिड़का नमक, छीना ताज़

पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन था, लेकिन अब यह खिताब उसके हाथ से निकल चुका है। पहले तो पाकिस्तान सेमीफाइनल तक भी पहुंचने में नाकाम रहा,और फिर भारत ने फाइनल जीतकर पाकिस्तान के जख्मों पर नमक छिड़का। 2017 में पाकिस्तान ने भारत को फाइनल में हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था, लेकिन अब भारत ने 2025 में पाकिस्तान से यह ताज छीन लिया है।

### भारत ने पाकिस्तान को हराया

भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में हमेशा रोमांचक मुकाबले होते हैं, लेकिन इस बार भारत ने पाकिस्तान को शानदार तरीके से हराया। पाकिस्तान की टीम को दुबई में 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत के कप्तान विराट कोहली ने शानदार शतक जमाया। टीम इंडिया ने पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान इस हार के बाद ही टूर्नामेंट से बाहर हो गया। पाक टीम की पाकिस्तान में भी खूब किरकिरी हुई।

### नहीं कर पाया फुल मेज़बानी

इस टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बीसीसीआई से एक और बड़ा झटका लगा। पाकिस्तान अपने ही घर पर चैंपियंस ट्रॉफी की मेज़बानी करने पर अड़ा हुआ था, लेकिन बीसीसीआई ने उसे झुकने पर मजबूर कर दिया। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ, जिसमें भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले और अंत में चैंपियन भी बन गया।

### करोड़ों से तैयार स्टेडियम हुए बेकार

पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के लिए अपने दो स्टेडियमों में करोड़ों रुपये खर्च किए थे, लेकिन प्रदर्शन के नाम पर उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान का क्रिकेट बोर्ड और वहां के कुछ पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ भारतीय टीम का यह जवाब और भी कड़ा हो गया।

# तीन देशों में सरकार के प्रति फूटा आम लोगों का आक्रोश, सड़कों पर उतरी जनता

## बांग्लादेश: यूनुस सरकार के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही घटनाओं के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में यूनुस सरकार के विरोध में महिलाएं सड़कों पर प्रदर्शन कर रही हैं। बांग्लादेश में महिलाएं बलात्कार के लिए न्याय, अपराधियों के लिए सख्त सजा और गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरीं। देश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। देश भर में चल रहे प्रदर्शन के बीच फिर से बच्चियों के साथ हुए अपराध की घटनाओं ने बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को उजागर किया है।

### जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग की

बांग्लादेश में लैंगिक हिंसा के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, छह और बच्चों के साथ बलात्कार की घटनाएं सामने आई हैं। छह जिलों में बलात्कार के आरोप में सोमवार को कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिन बच्चों का यौन उत्पीड़न किया गया, वे सभी छह से चौदह वर्ष की आयु के हैं। यौन उत्पीड़न की शिकार एक किशोरी ने स्थानीय मध्यस्थता बैठक के दौरान झूठा आरोप लगाए जाने और बदनाम किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ रहे अपराध के खिलाफ अंतरिम सरकार के प्रति जनता में आक्रोश फैल गया है। गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग की और अंतरिम सरकार को देश भर में कानून और व्यवस्था की स्थिति को खराब करने के लिए जवाबदेह ठहराया।

## दक्षिण कोरिया : राष्ट्रपति यून को पद से हटाने की मांग




**सिओल।** दक्षिण कोरिया के विपक्षी दलों के कुछ सांसदों ने मंगलवार को भूख हड़ताल शुरू कर दी। इन्होंने राष्ट्रपति यून सूक योल को उनके पद से आधिकारिक रूप से हटाने के लिए संवैधानिक न्यायालय से फैसला सुनाए जाने की मांग की है। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी, रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी और प्रोग्रेसिव पार्टी सहित विपक्षी सांसदों के एक समूह ने भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उन्होंने अदालत से यून को तुरंत बर्खास्त करने का आग्रह किया जिन्हें शनिवार को रिहा कर दिया गया। सांसदों ने कहा कि यून सुक योल को वापस जेल जाना चाहिए। उन्होंने यून को रिहा करने वाले अभियोजक जनरल शिम वू-जंग के इस्तीफे की भी मांग की और कहा कि सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी को भंग कर दिया जाना चाहिए क्योंकि इसने यून के महाभियोग में बाधा डाली।

### यून के विरुद्ध महाभियोग और मुकदमे जारी रहेंगे

डीपी प्रतिनिधि पार्क होंग-बे, किम मून-सू और जीन जिन-सूक ने यून को पद से हटाने की मांग करते हुए नेशनल असेंबली की मुख्य इमारत के बाहर अपने सिर मुंडवा लिए। इससे पहले दिन में, डीपी और रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी ने अपनी रैलियों को जारी रखने के लिए सोल के ग्वांगह्वामुन में टेंट लगाए। ज्ञात हो, यून को 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने के नाकाम प्रयास के माध्यम से विद्रोह भड़काने के आरोप में जनवरी में हिरासत में लिया गया था। उन्हें शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया क्योंकि अभियोजन पक्ष ने शुक्रवार के अदालत फैसले के खिलाफ अपील नहीं करने का निर्णय लिया। अदालत ने यून की हिरासत को अवैध बताया था। हालांकि यून के खिलाफ महाभियोग और आपराधिक मुकदमे जारी रहेंगे।

## इजराइल: नेतन्याहू 'प्राइम मिनिस्टर नहीं क्राइम मिनिस्टर'




**येरूशलम।** इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ उनके ही देश में असंतोष चरम पर पहुंच गया है। एक सर्वे में करीब तीन चौथाई इजराइली नागरिकों का कहना है कि पीएम नेतन्याहू को 7 अक्टूबर, 2023 की घटनाओं की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार को जारी किए गए मासिक सर्वे के नतीजों के अनुसार लगभग 75 फीसदी इजराइलियों का मानना है कि नेतन्याहू को अब अपना पद छोड़ देना चाहिए। बता दें कि इजराइल में लंबे समय से लोग 'प्राइम मिनिस्टर नहीं क्राइम मिनिस्टर' नाम का पोस्टर हाथों में थाम नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां तक बात रही यहूदियों की तो 45% यहूदी उत्तरदाताओं का मानना है कि नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

### नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए

59% अरबों का मानना है कि नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। यह यहूदियों की तुलना में काफी ज्यादा है। ये सर्वे 25 से 28 फरवरी के बीच कराए गए थे। 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस बात पर अपनी सहमति जताई कि इजराइल को हमास के साथ युद्ध विराम/बंधक वापसी समझौते के दूसरे चरण में आगे बढ़ना चाहिए। इस समझौते में दुश्मनी की पूर्ण समाप्ति, गाजा से वापसी और सभी बंधकों की रिहाई के बदले में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई शामिल है। गाजा पर समझौते से जुड़े सवाल के उत्तरदाताओं में नेतन्याहू की अपनी लिकुड पार्टी के 61.5% मतदाता शामिल थे। हालांकि समझौते को जारी रखने के लिए समर्थकों की संख्या अन्य गठबंधन दलों के मतदाताओं के बीच विरोधियों से ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### भारत में जल्द लॉन्च होगा सैटेलाइट इंटरनेट

**नई दिल्ली।** भारत की टेलीकॉम कंपनी एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ मिलकर भारत में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने की घोषणा की है। 11 मार्च को जारी एक संयुक्त बयान में दोनों कंपनियों ने बताया कि यह समझौता भारत में स्टारलिंक की पहली पार्टनरशिप है। यह तभी लागू होगी जब स्पेसएक्स को भारत सरकार से स्टारलिंक सर्विस बेचने की परमिशन मिलेगी। भारती एयरटेल ने कहा कि उसने भारत में स्टारलिंक की सर्विस प्रदान करने के लिए एलन मस्क की कंपनी के साथ पार्टनरशिप की है।




### 'डार्क स्टॉर्म टीम' ने ली हमले की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का सर्वर सोमवार (10 मार्च) को कई बार डाउन हुआ। यह समस्या भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा सहित दुनिया भर के कई देशों में महसूस की गई। इस पर एलन मस्क ने कहा कि एक्स पर साइबर हमला हुआ था। अब कुख्यात फिलिस्तीनी समर्थक है 'डार्क स्टॉर्म टीम' ने टेलीग्राम पर इस साइबर हमले की जिम्मेदारी ली है। उसने बताया कि उन्होंने डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस के जरिये एक्स को डाउन किया है।



## मॉरीशस पहुंचे पीएम मोदी, गर्मजोशी के साथ किया गया जोरदार स्वागत

# रक्षा से शिक्षा तक गहरे हैं भारत के रिश्ते दोनों देशों के बीच बढ़ेंगे 'व्यापारिक संबंध'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंच गए। यहां मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम समेत सभी मंत्री उनके स्वागत के लिए पहुंचे। पीएम ने एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सबसे पहले स्वागत के लिए जुटे प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। इस दौरान यहां रहने वाली महिलाओं ने बिहारी संगीत गाकर पीएम का स्वागत किया। पीएम की यह दूसरी यात्रा है, इससे पहले वे 2015 में भी मॉरीशस गए थे। पीएम मोदी आज 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनयिक संबंध हैं। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस का भारत के राष्ट्रपति महात्मा गांधी से जुड़ाव है। 1901 में, महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटते समय कुछ दिनों के लिए मॉरीशस में रुके थे।

इस दौरान उन्होंने भारतीय श्रमिकों को तीन महत्वपूर्ण संदेश -शिक्षा का महत्व, राजनीतिक सशक्तिकरण और भारत से जुड़े रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। गांधीजी के इन विचारों से प्रेरित होकर मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस 12 मार्च को मनाता है, जो संयोग से भारत में ऐतिहासिक डांडी मार्च की वर्षगांठ भी है।भारत ने मॉरीशस के साथ 1948 में ही राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे, जो उसकी स्वतंत्रता (1968) से भी पहले की बात है। दोनों देशों के बीच संबंध आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित हैं। समुद्री सुरक्षा, विकास परियोजनाएं, तकनीकी सहायता, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में भारत ने मॉरीशस को निरंतर सहयोग दिया है।

भारत ने मॉरीशस के साथ 1948 में ही राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे, जो उसकी स्वतंत्रता (1968) से भी पहले की बात है। दोनों देशों के बीच संबंध आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित हैं। समुद्री सुरक्षा, विकास परियोजनाएं, तकनीकी सहायता, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में भारत ने मॉरीशस को निरंतर सहयोग दिया है

**खास बातें**

- दक्षिण अफ्रीका से लौटते समय 12 मार्च को मॉरीशस रूके थे महात्मा गांधी
- 2000 से अब तक भारत में 175 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई



### मॉरीशस की परियोजनाओं में सहयोग

भारत ने मॉरीशस में कई विकास परियोजनाओं में सहायता की है। 2016 में भारत ने 353 मिलियन अमेरिकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की, जिसके तहत मेट्रो एक्सप्रेस, सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग, नया इएनटी अस्पताल, सामाजिक आवास परियोजना और डिजिटल टैबलेट योजना जैसी परियोजनाएं शामिल थीं। इसके अलावा, 2017 में भारत ने 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया, जिससे 10 प्रमुख परियोजनाओं को वित्तपोषित किया गया, जिनमें से 7 पहले ही पूरी हो चुकी हैं।

### भारत भेजता है वेनिला और चिकित्सा उपकरण

2023-24 में भारत से मॉरीशस को 778.03 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ। मॉरीशस से भारत को 73.10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात हुआ। भारत से मॉरीशस को मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, दवाइयां, अनाज, कपास और झींगा निर्यात किया जाता है, जबकि मॉरीशस से भारत को वेनिला, चिकित्सा उपकरण और रिफाइंड कॉपर जैसे उत्पाद मिलते हैं।

### मॉरीशस की कूटनीतिक अहमियत

*हिंद महासागर के जरिए सीधा जुड़ाव होने की वजह से भारत के लिए मॉरीशस की कूटनीतिक अहमियत काफी ज्यादा है। 2015 में जब पीएम मॉरीशस के पहले दौरे पर गए थे, तब दोनों देशों ने मॉरीशस के अगलेगा द्वीप पर परिवहन व्यवस्था बेहतर करने के लिए समझौता किया। दरअसल, यह द्वीप मॉरीशस के मेनलैंड से करीब 1100 किमी दूर स्थित है और भारत के भूमि क्षेत्र के करीब है। यह छोटा टापू करीब 70 वर्ग किलोमीटर के इलाके में फैला है और भारत की सुरक्षा के मद्देनजर अहम है। फरवरी 2024 में भारत और मॉरीशस ने इस द्वीप पर एक एयर स्ट्रिप और जेटी प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया था, जो कि क्षेत्र में भारत की रक्षा के लिहाज से बड़ा कदम साबित हुआ।*

## कठुआ में आतंकियों की साजिश

# बकरियां चराने गए 2 बच्चे लापता, अब तक 5 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में तीन लोगों के रहस्यमयी तरीके से लापता होने और बाद में मौत के राज से पर्दा उठा नहीं कि कठुआ जिले में अब दो लड़कों के लापता होने की खबर ने जोर पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार, ये बच्चे 27 फरवरी से लापता है। अधिकारियों ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि दो लड़के, दीन उर्फ दीनू (15) और उसका रिश्तेदार रहमत अली (12) 27 फरवरी को भंबरवान में अपने मवेशियों को चराने के बाद लापता हो गए थे।

### विधानसभा में गूंजा मुद्दा

*जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को क्षेत्र में हुई हत्याओं पर गरमागरम बहस हुई। सीएम उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में कहा कि इन मौतों के पीछे की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। उन्होंने सोमवार को कहा कि क्या हुआ, कैसे हुआ और क्यों हुआ, यह जांच का विषय है जो चल रही है।*

### आतंकी षड्यंत्र से जोड़कर देख रहे

कठुआ तब चर्चा में आया जब 15 वर्षीय वरुण सिंह, उसके मामा योगेश सिंह (32) और मामा दर्शन सिंह (40) के शव शनिवार को जिले के सुदूर मल्हार इलाके के ईशू नाले में मिले। तीनों 5 मार्च को लापता हो गए थे। पिछले महीने कठुआ जिले के कोहाग गांव में दो अन्य लोगों शमशेर (37) और रोशन (45) के शव मिले थे, जिनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने का संकेत मिला था। ऐसे में इस पूरे मुद्दे को आतंकी षड्यंत्र के साथ भी जोड़कर देखा जा रहा है।

## भारत और आर्मेनिया के बीच हुए दो अहम समझौते

# दोनों देश दवाओं की गुणवत्ता को करेंगे सुनिश्चित, राजनयिकों को देंगे प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और आर्मेनिया ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए दो महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। ये समझौते आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारात मिर्जोयान की भारत यात्रा के दौरान हुए। पहला समझौता भारत के सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) और आर्मेनिया के सेंटर ऑफ ड्रग एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी एक्सपर्टाइज (सीडीएमटीई) के बीच हुआ। इससे दोनों देश दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में सहयोग



करेंगे। दूसरा समझौता भारत के सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस और आर्मेनिया के विदेश मंत्रालय के डिप्लोमेटिक स्कूल के बीच हुआ। इस समझौते से दोनों देशों के राजनयिकों को प्रशिक्षण और अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा।

### वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर की चर्चा

दोनों नेताओं ने व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, संस्कृति और जन-जन संपर्क जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। डिजिटल टेक्नोलॉजी और दवा उद्योग में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार किया। बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई, भारत और आर्मेनिया के ऐतिहासिक संबंधों की सराहना की और दोनों देशों की बढ़ती मित्रता की प्रशंसा की।

## आधी रात को दहला रूस

# यूक्रेन का बड़ा हमला, 300 से ज्यादा ड्रोन बरसाए, 1 की मौत

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

यूक्रेन ने बीती रात रूस को दनदनाते हमलों से दहला दिया। यूक्रेनी सेना ने तीन सालों में रूस पर सबसे बड़ा हमला किया है। मंगलवार को रूसी अधिकारियों ने बताया कि आधी रात मॉस्को को बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं तीन अन्य लोग जख्मी हो गए। ड्रोन के मलबों से भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। जिसमें कई बिल्डिंगें जलकर खाक हो गई हैं।



### रूस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

इस बीच रूस ने भी इन हमलों का जवाब देते हुए यूक्रेन पर प्रहार किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने मंगलवार को बताया है कि रूस की तरफ से रात भर हमले किए गए हैं। सेना के मुताबिक इस दौरान रूस ने बैलिस्टिक मिसाइल से भी हमला किया।

## यूएस ने अप्रैल 2025 के लिए वीजा बुलेटिन किया

# भारतीयों को ग्रीन कार्ड के लिए करना होगा लंबा इंतजार, ईबी-5 श्रेणी में वेटिंग दो साल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने अप्रैल 2025 के लिए वीजा बुलेटिन जारी कर दिया है, जो भारतीय ग्रीन कार्ड आवेदकों के लिए बुरी खबर लाया है। यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विस (यूएससीआईएस) ने बताया कि भारतीयों ग्रीन कार्ड आवेदकों के लिए ईबी-5 वीजा श्रेणी दो साल से



ज्यादा 'रिट्रोग्रेश' यानी पीछे चली गई है। अब यह 1 नवंबर, 2019 की तारीख हो चुकी है। बढ़ती मांग और वीजा के इस्तेमाल को देरी की मुख्य वजह बताया गया है।

### अन्य श्रेणियों में भी देरी

ईबी-1 श्रेणी के तहत भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट 15 फरवरी, 2022 तक आगे बढ़ी है। एंप्लॉयमेंट बेस्ड वीजा की इस श्रेणी के तहत उन लोगों को ग्रीन कार्ड मिलता है, जिनके पास साइंस, आर्ट, एजुकेशन, बिजनेस, एथलेटिक्स में असाधारण प्रतिभा है। ईबी-2 श्रेणी के तहत भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट 1 जनवरी, 2013 तक आगे बढ़ी है।

### निवेश के जरिए ग्रीन कार्ड पाना भी मुश्किल

*ईबी-3 श्रेणी में भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट भारत 1 अप्रैल, 2013 तक आगे बढ़ी है। यूएस में काम करने गए भारतीय वर्कर्स को इस श्रेणी के तहत ग्रीन कार्ड मिलता है। ईबी-5 श्रेणी में फाइनल एक्शन डेट काफी ज्यादा पीछे चली गई हैं। भारत के लिए डेट 1 नवंबर, 2019 है। इस श्रेणी में उन लोगों को ग्रीन कार्ड दिया जाता है, जो निवेश के जरिए यूएस में ग्रीन कार्ड पाना चाहते हैं।*

## हैशड इमर्जेंट की ताजा रिपोर्ट 'इंडिया वेब3 लैंडस्केप' में खुलासा

# भारत 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत वेब3 स्पेस में तेजी से ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। इसके 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनने की उम्मीद है। हैशड इमर्जेंट की ताजा रिपोर्ट 'इंडिया वेब3 लैंडस्केप' से पता चला है कि देश ने 2024 में सालाना आधार पर डेवलपर भागीदारी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिससे गिटहब में 4.7 मिलियन से अधिक डेवलपर जुड़े। यह वैश्विक स्तर पर सभी नए वेब3 डेवलपर्स का 17 प्रतिशत है, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टो डेवलपर बेस बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 45.3 प्रतिशत भारतीय वेब3




डेवलपर्स कोडिंग में योगदान देते हैं, 29.7 प्रतिशत बग्स को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और 22.4 प्रतिशत डॉक्यूमेंटेशन पर काम करते हैं। विकास के लोकप्रिय क्षेत्रों में गेमिंग, नॉन-फंजिबल टोकन (एनएफटी), विकेंद्रीकृत वित्त और रियल-वर्ल्ड एसेट शामिल हैं।

**45.3% भारतीय वेब3 डेवलपर्स कोडिंग में योगदान दे रहे**

**2024 में भारतीय स्टार्टअप ने 564 मिलियन डॉलर जुटाए**

### अधिकांश 27 वर्ष से कम आयु के लोग

भारत के वेब3 डेवलपर्स का एक बड़ा हिस्सा नए लोग हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक ने पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में प्रवेश किया है। उनमें से अधिकांश 27 वर्ष से कम आयु के हैं। हैकाथॉन एक ऐसा आयोजन है, जहां कंप्यूटर प्रोग्रामर मिलकर कुछ नया बनाने के लिए काम करते हैं। यह डेवलपर्स के लिए प्राथमिक प्रवेश द्वार बना हुआ है। वेब3 फर्म भुवनेश्वर, चेन्नई और केरल के विश्वविद्यालयों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं। हालांकि, वेब3 फर्म भुवनेश्वर, चेन्नई और केरल के विश्वविद्यालयों के साथ भी सहयोग कर रही हैं ताकि छात्रों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी से परिचित करवाया जा सके।

### फंडिंग में 109 प्रतिशत की वृद्धि

*भारत वेब3 स्टार्टअप संस्थापकों के मामले में भी वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। इस क्षेत्र में 1,200 से अधिक स्टार्टअप संचालित हैं। देश के वेब3 इकोसिस्टम में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है, जिससे 2023 की तुलना में फंडिंग में 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारतीय स्टार्टअप ने 564 मिलियन डॉलर जुटाए, जिससे इस क्षेत्र में कुल निवेश 3 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। रिपोर्ट में एआई, आरडब्ल्यूए और स्टेकिंग सॉल्यूशन को निवेश आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों के रूप में उजागर किया गया है। कई ग्लोबल वेंचर कैपिटल और घरेलू फर्म भारतीय वेब3 परियोजनाओं पर बड़ा दांव लगा रही हैं। इसके अतिरिक्त, लेयर 1 और लेयर 2 ब्लॉकचेन नेटवर्क से इकोसिस्टम फंड ने पर्याप्त निवेश किया है, जिससे ग्लोबल वेब3 लैंडस्केप में भारत की स्थिति और मजबूत हुई है।*

## सऊदी अरब में रूस-यूक्रेन युद्ध विराम पर चर्चा

# अमेरिकी विदेश मंत्री मुस्कराए पर चुपचाप बैठे रहे यूक्रेनी अधिकारी

एजेंसी ▶▶ जेद्दा

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से जारी युद्ध को खत्म करने के लिए यूक्रेन और अमेरिका के बीच बातचीत मंगलवार को सऊदी अरब के जेद्दा में शुरू हुई है। बातचीत के दौरान पत्रकार वार्ता कक्ष में दाखिल हुए। इस दौरान, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो कैमरे के सामने मुस्कराते हुए नजर आए, जबकि यूक्रेनी अधिकारी उनकी सामने वाली मेज पर चुपचाप बैठे रहे। उनके चेहरे पर कोई भाव नहीं था। सऊदी अरब के विदेश मंत्री भी वार्ता कक्ष में मौजूद थे।



### एक नया कूटनीतिक प्रयास: रूस

सऊदी अरब में यूक्रेन और अमेरिका के वार्ता 28 फरवरी को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की व्हाइट हाउस यात्रा के दौरान उत्पन्न विवाद के बाद युद्ध की समाप्ति के लिए एक नए कूटनीतिक प्रयास को दर्शाती है। उधर, क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति भवन) ने सार्वजनिक रूप से किसी रियायत की पेशकश नहीं की है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109